जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 139, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 17 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# शहर-शहर...बवाल, चार साल की सेवा पर सवाल !



## हरियाणा में डीसी आवास पर पत्थरबाजी, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, रोहतक में छात्र ने जान दी, बिहार में 'अग्निपथ' पर जलीं 5 ट्रेनें, 17 जिलों में भड़की आग, बीजेपी दफ्तर-विधायक पर हमला







**पटना/लखनऊ/जयपुर:** केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में बिहार में दूसरे दिन उग्र प्रदर्शन हुआ। 17 जिलों में युवा सड़क और ट्रैक पर उतर गए। प्रदर्शनकारियों ने छपरा, कैमूर और गोपालगंज में 5 ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया। 12 ट्रेनों में तोड़फोड़ की गई है। अकेले छपरा में ही 3 ट्रेनों में आग लगा दी। यात्रियों ने भागकर अपनी जान बचाई। छपरा में सबसे ज्यादा प्रदर्शन का असर रहा। आरा में पुलिस को उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। मोतिहारी में भी ट्रेन पर पथराव किया गया है। प्रदर्शन के कारण रेल सेवा सुबह 6.25 के बाद ठप हो गई थी। करीब नौ घंटे तक ट्रेनें ठप रहीं। साढ़े तीन बजे के बाद सभी रूट क्लियर कराकर ट्रेनें शुरू की गईं। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के 2 विधायकों पर हमले भी किए गए हैं। छपरा सदर के बीजेपी विधायक डॉ. सीएन गुप्ता के घर पर प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की है। वहीं वारिसलीगंज की विधायक अरुणा देवी पर भी हमला हुआ। नवादा में प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस में आग लगा दी। आक्रोशित युवा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। गुरुवार को जहानाबाद, बक्सर और नवादा में ट्रेन रोकी गईं। छपरा और मुंगेर में सड़क पर आगजनी के बाद जमकर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार अपना फैसला वापस ले।

**विधायक की गाड़ी पर हमला:** वारिसलीगंज की विधायक अरुणा देवी पर नवादा में प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया। हमले के दौरान विधायक गाड़ी में ही मौजूद थीं। वो बाल-बाल बच गईं। उन्होंने बताया कि वो अपने क्षेत्र की जन समस्या को लेकर नवादा आ रही थी। उसी समय ये हमला हुआ। अचानक से 15 से 20 की संख्या में युवक पहुंचे और गाड़ी पर हमला कर दिया।

**राजस्थान के युवाओं ने किया प्रदर्शन, बोले- हमारे साथ धोखा हुआ:** अग्निपथ योजना का प्रदेशभर में विरोध शुरू हो गया। सेना भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं को यह शॉर्ट टर्म योजना रास नहीं आ रही है। जोधपुर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के युवा गुरुवार को सड़क पर उतर आए। सीकर में युवकों ने तोड़फोड़ की। अन्य जिलों से भी युवाओं के विरोध-प्रदर्शन की खबर आ रही है। युवाओं ने 20 जून को दिल्ली जाकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

**अग्निपथ की आंच से यूपी भी झुलसा**

अग्निपथ की आंच से यूपी भी झुलस रहा है। उन्नाव के शुक्लागंज में युवाओं ने मरहला चौराहे पर विरोध जताया। इतना ही नहीं युवाओं ने हाथों में तख्ती ओर पोस्टर लेकर रक्षा मंत्री और मोदी, योगी मुर्दाबाद के नारे लगाए। सेना भर्ती के अभ्यर्थियों ने बवाल काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवाओं को समझाने बुझाने का प्रयास किया। अग्निपथ स्कीम के विरोध में बुलंदशहर में जमकर बवाल हुआ। छात्र सड़क पर उतर आए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान वह पुलिस से भी भिड़ गए। छात्रों ने कहा- भारत सरकार के फैसले से हम शर्मिंदा हैं। **सेना के रेजीमेंटल सिस्टम में नहीं होगा कोई बदलाव**

**नई दिल्ली:** देश के कई हिस्सों में सेना भर्ती के नए मॉडल के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के बीच सरकारी सूत्रों ने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत आर्मी रेजीमेंटल सिस्टम में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है और इसके लागू होने के पहले वर्ष में भर्ती होने वाले कर्मियों की संख्या केवल तीन प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा, "इस योजना का उद्देश्य युवाओं के लिए सशस्त्र बलों में सेवा करने के अवसरों में वृद्धि करना है और इसके तहत कर्मियों की भर्ती, सशस्त्र बलों में वर्तमान नामांकन का लगभग तिगुना होगा।" सरकार ने मंगलवार को दशकों पुरानी चयन प्रक्रिया में बड़े बदलाव के तहत थलसेना, नौसेना और वायुसेना में चार साल के अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर सैनिकों की भर्ती की योजना की घोषणा की है। योजना के तहत 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को तीनों सेवाओं में शामिल किया जाएगा। चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद 25 प्रतिशत कर्मियों को योजना में नियमति सेवा में रखने के प्रावधान है। योजना के तहत शामिल किए जाने वाले कर्मियों को 'अग्निवीर' कहा जाएगा। कई राज्यों में इस नई योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन देखे जा रहे हैं।

## अग्निवीरों' को पुलिस व अन्य सेवाओं में मिलेगी वरीयता: योगी



**लखनऊ:** केंद्र सरकार द्वारा सेना में चार साल की भर्ती के लिए घोषित की गई अग्निपथ योजना के विरोध में देश भर में युवाओं के प्रदर्शन को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलान किया है कि अग्निवीरों को यूपी सरकार पुलिस व अन्य सेवाओं में वरीयता देगी। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि युवा किसी के बहकावे में न आएं। 'अग्निपथ योजना' युवाओं के जीवन को नए आयाम प्रदान करने के साथ ही भविष्य को स्वर्णिम आधार देगी। उन्होंने ट्वीट किया कि युवा साथियों, 'अग्निपथ योजना' आपके जीवन को नए आयाम प्रदान करने के साथ ही भविष्य को स्वर्णिम आधार देगी। आप किसी बहकावे में न आएं। मां भारती की सेवा हेतु संकल्पित हमारे 'अग्निवीर' राष्ट्र की अमूल्य निधि होंगे व उत्तर प्रदेश सरकार अग्निवीरों को पुलिस व अन्य सेवाओं में वरीयता देगी। जय हिंद।

## रेवाड़ी में 'अग्निपथ' के खिलाफ युवाओं का उग्र प्रदर्शन

**रेवाड़ी:** भारतीय सेना में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाई गई 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ भड़की चिंगारी गुरुवार को हरियाणा के रेवाड़ी में भी पहुंच गई। गुरुवार को सैकड़ों नौजवानों ने रेवाड़ी बस स्टैंड पर उग्र प्रदर्शन किया। इसके बाद भीड़ नाई वाली चौक पर पहुंच गई और तोड़फोड़ शुरू कर दी। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवाओं ने ट्रैफिक और स्ट्रीट लाइट्स के अलावा पुलिस के बैरिकेड्स तक तोड़ डाले। प्रदर्शन को उग्र होता देखकर पुलिस ने युवाओं पर लाठीचार्ज कर दिया। रेवाड़ी में सुबह से ही तनावपूर्ण माहौल के बीच उग्र प्रदर्शनकारियों को देखते हुए बस स्टैंड के आसपास के बाजार पूरी तरह बंद हो गए। यहां भारी पुलिसफोर्स तैनात कर दी गई। फिलहाल पुलिस स्थिति संभालने में जुटी है। इस प्रदर्शन की वजह से रोडवेज बसों का संचालन प्रभावित हुआ। दोपहर 2 बजे के बाद पुलिस ने बस स्टैंड व नाईवाली चौक पर लगा जाम खुलवा दिया। बस स्टैंड के अलावा नाईवाली चौक पर भी भारी पुलिस फोर्स तैनात है। एएसपी के अलावा डीएसपी मोहम्मद जमाल, डीएसपी अमित भाटिया, डीएसपी हंसराज के साथ सीटीएम और एसडीएम मौके पर हैं। गुरुवार सुबह सेना भर्ती की तैयारी करने वाले सैकड़ों युवा ब्रास मार्केट के पार्क में एकत्रित हुए। पुलिस को युवाओं के जमा होने की भनक नहीं लगी। काफी देर पार्क में प्रदर्शन करने के बाद भीड़ सड़क पर उतर आई। प्रदर्शन करते हुए युवक शहर के व्यस्ततम सर्कुलर रोड पर बस स्टैंड के सामने पहुंच गए और अग्निपथ योजना के विरोध में केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**कुछ पलों में उग्र हुआ प्रदर्शन:** इस बीच युवाओं के प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस मुलाजिमों ने युवाओं को रोड से हटाने की कोशिश की जिससे भीड़ भड़क उठी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़ डाले। माहौल तनावपूर्ण होता देखकर बस स्टैंड और आसपास के बाजार बंद हो गए।

## बुलडोजर एक्शन पर यूपी सरकार से 'सुप्रीम' जवाब तलब



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की कार्रवाई रोकने के लिए जमीयत-उलमा-ए-हिंद और अन्य की याचिकाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि अवैध निर्माण हटाने में पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

कोर्ट ने यूपी सरकार को तीन दिनों के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 21 जून को होगी। सुनवाई के दौरान जमीयत-उलमा-ए-हिंद की ओर से वकील सीयू सिंह ने कहा कि दिल्ली के जहांगीरपुरी में बुलडोजर की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। इस मामले में यूपी सरकार को नोटिस दिया गया था लेकिन यूपी में अंतरिम आदेश के अभाव में तोड़फोड़ की गई। सीयू सिंह ने कहा कि ये मामला दुर्भावना का है। हिंसा फैलाने के आरोप में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित नामों की संपत्तियों को चुन-चुनकर ध्वस्त किया गया है।

### राजभवनों का घेराव कर रही कांग्रेस; रेणुका चौधरी ने पुलिसकर्मी को कॉलर पकड़कर खींचा

## राहुल से ईडी के सवालों पर राज्यों में बवाल



**नई दिल्ली:** राहुल गांधी से तीन दिन में 30 घंटे की पूछताछ हो चुकी है। ईडी ने गुरुवार को ब्रेक दिया, लेकिन शुक्रवार को दोबारा पूछताछ के लिए हाजिर होने कहा है। हालांकि, अब कांग्रेस को लगने लगा है कि ईडी राहुल गांधी को गिरफ्तार कर सकती है। ऐसे में पार्टी गुरुवार को देशभर में प्रदर्शन कर रही है। ज्यादातर राज्यों में राज भवनों का घेराव जारी है। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**तेलंगाना: रेणुका चौधरी ने पुलिसकर्मी का कॉलर पकड़ा:**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ किए जाने को लेकर हैदराबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस राज्य सभा सांसद रेणुका चौधरी ने पुलिसकर्मी से बदसलूकी करते हुए उसका कॉलर पकड़कर खींचा। दिल्ली में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को दिल्ली पुलिस ने उनके घर में ही नजरबंद कर दिया है। इस बीच, गुरुवार को हिरासत में लिए गए सचिन पायलट ने भी केंद्र पर निशाना साधा है। पायलट ने कहा कि पिछले 8 साल से लगातार सभी एजेंसियों का दुरूपयोग करके नेताओं की आवाज को दबाया जा रहा है।

हमारा संकल्प है हम गांधीवादी तरीके से सत्याग्रह कर सरकार पर दबाव बनाएंगे ताकि एजेंसियों का दुरूपयोग बंद करे। उधर राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को दिल्ली पुलिस ने घर में नजरबंद कर दिया।

**राजस्थान: राजभवन के आस-पास लगी धारा 144:**

जयपुर में कांग्रेस राजभवन का घेराव करने वाली थी, लेकिन वहां धारा 144 लगी है। इस कारण कांग्रेस सिविल लाइंस फाटक पर ही विरोध प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई नेता बैरिकेड्स पर चढ़ गए। शुक्रवार को कांग्रेस सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी।

### बजरंग दल ने नारे लगाए- जिस घर से अफजल निकलेगा, उस घर में घुसकर मारेंगे

## जुमे की हिंसा के विरोध में यूपी में प्रदर्शन



**लखनऊ/मेरठ:** उत्तर प्रदेश में जुमे की नमाज के बाद हिंसा के विरोध में गुरुवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद सड़कों पर उतर आया। कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, आगरा, मुरादाबाद सहित कई जिलों में प्रदर्शन हुआ। कानपुर में गुरुदेव चौराहा, खलासी लाइन, रामादेवी और किदवई नगर चौराहे पर प्रदर्शन सबसे ज्यादा था। कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर नारेबाजी की और हनुमान चालीसा का पाठ किया। 'पत्थरबाजों होश में आओ' और 'जिस घर से अफजल निकलेगा, उस घर में घुसकर मारेंगे' के नारे लगाए गए।

**इस्लामिक कट्टरता पर लगाम लगे, हिंसा न हो:** वाराणसी में वरुणा नदी के किनारे शास्त्री घाट पर कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अफसरों को सौंपते हुए कहा कि देश में बढ़ रही इस्लामिक कट्टरता पर रोक लगाई जाए। काशी के बजरंग दल के सह संयोजक कृपाशंकर तिवारी ने कहा कि पथराव और उपद्रव पर स्थायी रूप से रोक लगे। जो उपद्रवी हैं उन पर सख्ती के साथ प्रभावी कार्रवाई हो। देश में शांति का माहौल हो। माहौल खराब करने वाले कतई बख्शे न जाएं।

कमिश्नर कार्यालय के बाहर पढ़ी हनुमान चालीसा:

मेरठ में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कमिश्नर कार्यालय के बाहर चौधरी चरण सिंह पार्क में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## जुमे की नमाज लेकर यूपी में हाई अलर्ट



**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस मुख्यालय ने जिलों में अतिरिक्त फोर्स भेजा है, तांकि हर स्थिति से निपटा जा सके। ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है। पैगेम्बर मोहम्मद पर पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपूर शर्मा द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद देश भर में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। उत्तर प्रदेश में भी पिछले दो शुक्रवार को नमाज के बाद कानपुर, प्रयागराज, सहारनपुर, मुरादाबाद, हाथसर समेत नौ जिलों में बवाल हुआ। पत्थरबाजी और आगजनी हुई। पथराव पुलिस और सुरक्षा कर्मी घायल हुए। पुलिस ने किसी तरह हालात पर काबू पाया। योगी सरकार उपद्रवियों पर कार्रवाई कर रही है। अवैध निर्माण गिराए जा रहे हैं। वहीं, पिछले दो शुक्रवार को नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन के नाम हुए बवाल के मद्देनजर इस शुक्रवार को उप्र पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## खबर संक्षेप

### विवादित बयान को लेकर दो वर्ग के बच्चो में मारपीट

**झूंसी।** बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नूपुस शर्मा के विवादित बयान को लेकर अटाला में हुए बवाल के बाद दो दिन पहले झूंसी के मलावा में भी दो समुदाय के बच्चे आपस में भीड़ गए। सम्भ्रान्त लोगो ने हस्तक्षेप कर मामले को निपटा दिया था। गुरुवार को फिर उसी बात को लेकर कोचिंग से लौट रहे एक युवक को कुछ लड़कों ने पीट दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मलावा गांव का एक युवक नूपुर शर्मा की फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर उनके बयान का समर्थन किया जिस पर गांव के कुछ लड़कों ने अभद्र टिप्पणी की। सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप से मामला बढ़ कर गाली गलौज तक पहुंच गया आरोप है 2 दिन पहले उसी बात को लेकर कुछ लड़कों ने एक युवक की पिटाई कर दी। जब मामला बड़े बुजुर्गों तक पहुंचा तो दोनों वर्ग के बच्चो को फटकार लगा कर आपस में सुलह करा दी गई। आरोप है कि गुरुवार को कोचिंग से लौट रहे एक युवक को उसी खुन्नस के चलते फिर पिटाई कर दी गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव में पूछताछ कर कुछ लड़कों को हिरासत में लिया। मामले में झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह का कहना है कि बच्चों में मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। जांच की जा रही है।



राजस्व विभाग की टीम के सामने चकबंदी अधिकारी लेखपाल व कानूनगो के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते ग्रामीण

# ग्रामीणों ने लगाया राजस्व विभाग पर रिशवत लेने का आरोप

अखंड भारत संदेश

### ग्रामीणों का कहना लेखपाल कानूनगो कर रहे परेशान

**प्रयागराज।** तहसील फूलपुर ग्राम सभा चंडी पट्टी का है, जहां ग्रामीणों ने राजस्व विभाग टीम के सामने ही रिशवत लेने का आरोप लगाते हुए मुदार्बाद के नारे लगाए,वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब चकबंदी का मामला हाईकोर्ट न्यायालय में विचाराधीन है तो वहीं लेखपाल कानूनगो ने ग्रामीण किसानों को परेशान किया जा रहा है, और ग्रामीण किसानों से मोटी रकम वसूला जा रहा है इतना ही नही जो पैसा देने से इंकार करता है तो उसको फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी दिया जा रहा है, इस विषय में जब पत्रकार ने कानूनगो सूर्यमणी से बात किया तो वही कानूनगो सूर्यमणी चुप्पी साधे नजर आये, तथा ग्रामीणों ने राजस्व विभाग टीम के सामने ही चकबंदी अधिकारी व लेखपाल कानूनगो के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाते हुए नजर आये, अब देखना ये है कि ऐसे अधिकारियो कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

## फूलपुर में बाइक सवार दंपती को ट्रैक्टर ने रौंदा

**प्रयागराज।** फूलपुर की नेहरू बाजार में अनियंत्रित ट्रैक्ट्रर ने पल्सर सवार दंपती को रौंद दिया। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, पति गंभीर रुप से घायल है। दोनों पल्सर से बादशाहपुर की तरफ जा रहे थे।घटना की सूचना पर पहुंटी पुलिस ने घायल को पति को एसआरएन में भर्ती कराया है। जबकि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नैनी के काटन मिल निवासी छोटू पटेल अपनी पत्नी आशा देवी के साथ पल्सर पर सवार होकर बादशाहपुर की तरफ जा रहा था। जैसे ही दोनों फूलपुर नगर पंचायत के नेहरू बाजार पहुँचे थे।वैसे ही पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में दंपती सड़क पर गिर पड़े। जिससे पत्नी आशा देवी की तो मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं दुर्घटना में घायल छोटू को पुलिस ने सीएचसी फूलपुर ले जाया गया। जहाँ उसे चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए तत्काल एसआरएन रेफर कर दिया।

## न्यूज झरोखा

### पहली बारिश होने से लेडियारी बाजार में रोड़ पर भरा पानी




**लेडियारी।** बिकास खन्ड कोरांव के ग्राम पंचायत लेडियारी बाजार में पहले दिन के बारीस होते ही रोडो पर भर गया गन्दा पानी राहगिरो के लिए रोड पर चलना जोखिम भरा साबित होने लगा। आपको बताते चलें कि रोड के पटरियों के किनारे दुकानदारों द्वारा अपने अपने घरों के निकास की बेवस्था न होने के कारण घरो के सामने खूब सूरत तरिके से मिट्टी/मोरम/गिट्टी डाल कर रोड के तरफ तराई कर देने से सिधे मेन रोड पर जल जमाव हो जाता है इस लिए खास तौर पर पैदल चलने वालों राहगिरो को कठिनायों से गुजरना पड़ रहा है।जब आज पहली बारिश होने पर मेन रोड पर चलना दूभर हो गया है तो अभी बरसात तों पुरी तरह बाकी है। बडी गाड़ियों के छिटे फेंकने से राहगिरो के कपड़े रंगीन होते नजर आ रहे हैं। हमारे लेडियारी संबाददाता से वार्ता करते हुए धर्मेन्द्र सिंह ने कहा जब तक बाजार में पूर्ण रुप से नाली निर्माण कार्य नही कराया जाएगा तब तक बाजार में बरसात में रोडो पर पानी भरा रहेगा। लेडियारी बाजार एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बरसात के पानी निकालने हेतु अन्डर ग्राउंड नाली निर्माण कराने हेतु क्षेत्रीय लोगों ने मांग किये हैं।

### चंद्रमोहन सिंह का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर मेजा विधानसभा के ग्राम पंचायत कनिगड़ा निवासी डॉ चंद्रमोहन सिंह का भाजपा नेता नीरज द्विवेदी व उनके साथियों द्वारा स्वागत किया गया है बता दें कि पुर्व में चंद्रमोहन सिंह भारतीय खाद्य निगम भारत सरकार के सद्स्य थे। साथ ही साथ पुर्व में डीसीएफ के चेयरमैन भी थे। इनकी लगन और मेहनत के स्वरूप एक बार पुनः भारतीय खाद्य निगम भारत सरकार के नामित सदस्य बनाए गए। जिससे क्षेत्र के लोगो में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर बधाई देने वालो की लगातार तांता लगा हुआ है। डॉ चंद्रमोहन सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। जिसमे पंकज तिवारी, शैलेश यादव, माला शर्मा, दीपांशु सिंह, जितेंद्र शर्मा, रामनाथ यादव, विनय कुमार मिश्रा, सत्येंद्र मिश्रा, शुभम कुमार, अरुण गौतम आदि रहे।

### कृष्ण देव शुक्ल बने जीआईसी में गणित के प्रवक्ता



**प्रतापपुर।** रामापुर, सिरसा निवासी रमाशंकर शुक्ल के पुत्र कृष्ण देव शुक्ल का चयन गणित प्रवक्ता के पद पर हुआ है।यूपी पीएससी लेक्चरर का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर कृष्ण देव शुक्ल का चयनित अभ्यर्थियों में नाम आने पर परिजनों एवं ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों में हर्षोल्लास है सभी ने बधाई दिया और उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### प्रभारी एसओ महेश गंज विवेक मिश्रा अपराधियों पर कस रहे नकेल

**कुण्डा।** प्रभारी एसओ महेश गंज विवेक मिश्रा को आरोपियों को पकड़ने में लगातार मिल रही है सफलता, महिलाओं को युवतियों को झाड़-फूंक करने के बहाने दुराचार करने वाले आरोपी को विवेक मिश्रा ने किया गिरफ्तार, गुरुवार को गिरफ्तार करके भेजा जेल, आरोपी को 3 दिन के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार, प्रधानमंत्री की फोटो मुस्लिम लीडर के पैर छूते एडिट करके, फोटो वायरल करने वाले हीरागंज निवासी मोहम्मद आदिल, मोहम्मद फुरकान उर्फ पप्पू को,पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, 3 दिन से महेशगंज थाने के प्रभारी एसओ है विवेक मिश्रा, 3 दिन के अंदर करीब आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार करने में प्रभारी एसओ विवेक मिश्रा को मिली सफलता।

## नेक को लेकर किन्नारों में जमकर हुई मारपीट फाड़े कपड़े

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के गंगोत्री नगर मोहल्ले में किन्नरों के दो गुटो में नेक को लेकर जमकर हुई मारपीट। घायल किन्नर के पक्ष में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी एवं कल्याणी गिरी अपने दर्जनों चेलों के साथ नैनी थाने पहुंच गए।महामंडलेश्वर का आरोप है की महेवा व उसके आसपास क्षेत्रों में फर्जी किन्नर बनकर कुछ लोग वसूली कर रहे है। जिससे किन्नर समाज का नाम बदनाम हो रहा है। घायल किन्नर संजना ने पुलिस को कई लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कल्याणी गिरी ने बताया कि नैनी क्षेत्र में दीपक पटेल उर्फ राधा, छेद्दन, शिवानी, लाड़ो, प्रिंस, सलमान समेंत अन्य नकली किन्नर है। बुधवार की सुबह इंद्रपुरी कालोनी, नया बैरहना की रहने वाली किन्नर संजना गंगोत्री नगर में एक शादी वाले घर मे नेक लेने गई हुई थी। जहां उक्त लोगों ने उसे नैनी न आने की धमकी देने के साथ ही उसके साथ मारपीट की और संजना के चेले अनुष्का को भी मारा पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। घटना की जानकारी होने पर महामंडलेश्वर अपने दर्जनों चेलों संग बुधवार की सुबह नैनी कोतवाली पहुंच गए। और उक्त आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर नैनी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि मामले में कई लोगों के खिलाफ नाजजद एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

> नैनी क्षेत्र के नए पुल पर कुछ किन्नर के भेष में गलत कार्य करते हैं। इसके साथ ही नैनी क्षेत्र में जजमानों से गलत तरीके से वसूली की जाती है। इससे किन्नर सामाज को लोग गंदे नजर से देखते है। इनपर कार्रवाई के लिए यहां आए है।
>
> **कल्याणी नन्द गिरी**
> **महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा।।**

## औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी ने लगाया वाहन चेकिंग अभियान

अखंड भारत संदेश

### संदिग्ध व्यक्तियों की ली गई तलाशी

**नैनी प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव चौबे ने बुधवार की रात पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी संजीव चौबे ने रात्रि गश्त के दौरान ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से कहा कि वे आने-जाने वाले लोगों व वाहनों को बारीकी से जांच करें और संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें उन्होंने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। संजीव चौबे ने कहा कि पुलिस उनके साथ है। परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिदिन बाजारों में पैदल गश्त व रात्रि गश्त की जा रही है। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा महसूस कर रहे हैं। बाजारों में गश्त करती पुलिस टीमों को देखकर बदमाश भूमिगत हो रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछतांछ कर तलाशी भी ले रही है।बतादें की थाना प्रभारी संजीव चौबे ने बुधवार की शाम रामपुर यूनाइटेड कॉलेज सड़वा आदि जगह पैदल गश्त कर दो पहिया चार पहिया वाहनों की चेकिंग की।



### आपत्तिजनक पोस्ट करने पर युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नैनी,प्रयागराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नैनी सुरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व नेतृत्व अली का माय पुलिस द्वारा नैनी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक को सरपतहिया तिराहे के समीप से युवक को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की गई कार्रवाई।आपको बता दें कि युवक का नाम मोहम्मद आदिल पुत्र मोहम्मद अजीम निवासी शाह जी का पुरा एडीए कॉलोनी थाना जनपद प्रयागराज का है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की नही लगी पुलिस को भनक थाना क्षेत्र के मलावा गांव में नूपुर शर्मा के बयान को लेकर 2 वर्ग के बच्चो में सोशल मीडिया पर तनाव था मलाला आगे बड़ा और दो बार मार पीट भी हुई। इस बात की स्थानीय पुलिस को भनक तक नही लगी।

## काल्विन में आधुनिक सुविधाओं की मांग को लेकर इलाहाबाद विकास मंच ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गुरुवार को इलाहाबाद विकास मंच के कार्यकताओं ने मंच के अध्यक्ष बद्री चौरसिया के नेतृत्व में मंडलीय अस्पताल मोतीलाल नेहरू( काल्विन)अस्पताल मे रिक्त पड़े डॉक्टरों के पदों को भरने अस्पताल में एमआरआई व सीटी स्कैन की सुविधा देने तथा अस्पताल में आईसीसीयू वार्ड बनाये जाने कि मांग को लेकर इलाहाबाद विकास मंच के कार्यकताओं ने वरिष्ठठ अधीक्षक के ना मिलने पर अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी देव शरण चौरसियाा को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा ,ज्ञापन लेने के पश्चात प्रशासनिक अधिकारी देव शरण चौरसियाा ने बताया कि आपका ज्ञापन मुख्यमंत्री महोदय के पास भेज दिया जाएगा तथा यह भी बताया कि सीटी स्कैन की सुविधा अस्पताल में उपलब्ध हो जायेगी। ज्ञापन देने वालो में मंच के अध्यक्ष बद्री चौरसिया के इलावा सर्व गुफरान खान,जावेद अहमद, दया राम चौरसिया,डाक्टर अहमद अब्बास,दिनेश वर्मा, गुललु जयसवाल व श्मभुनाथ चौरसिया इत्यादि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशान, उच्च अधिकारी से की गई लिखित शिकायत

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** इस भीषण गर्मी में जहां एक और आम जनमानस हाल बेहाल है वहीं दूसरी ओर विद्युत उपभोक्ता विद्युत कटौती से बेहद परेशान है। 24 घंटे में मात्र 4 से 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है जोकि इस गर्मी में ना के बराबर है यहां तक कि बेचारे नियमित विद्युत बिल चुकता करने वाले उपभोक्ताओं की तो बहुत ही परेशानी है। उपभोक्ता दिन हो या रात चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं। यहां तक कि उपभोक्ता पावर हाउस के जेई, एसडीओ तथा वहां के प्रभारियों को फोन करते हैं तो जिम्मेदार अधिकारी फोन उठाने की तो दूर जवाब भी देने में अपने आप को माकूल नहीं समझते अधिकतर तो इन जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल स्विच ऑफ ही रहता है। हनुमानगंज हबूसा मोढ़ विद्युत वितरण खंड से सम्बद्ध वारी उमरी विद्युत उप केंद्र पर तैनात एसडीओ झूंसी पवन कुमार व जेई रमाशंकर को उपभोक्ता फोन करते हैं तो ना तो फोन उठाते हैं और ना ही जवाब देते हैं। विद्युत उपकेंद्र मलावां सहसों का भी कुछ यही हाल है । इस सम्बन्ध में क्षेत्र के उपभोक्ताओं की शिकायत पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगापार एवं उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने इस सम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता मंडल प्रयागराज से बात किया तो उन्होंने तुरन्त ही कॉन्फ्रेंस कॉल किया परन्तु न ही जेई का फोन उठा न ही एसडीओ का फोन उठा। फिलहाल अधीक्षण अभियंता ने विद्युत कटौती की एवं लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ लिखित शिकायत पत्र लेकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हम लोग शिकायत लेकर पावर हाउस जाते हैं तो वहां पर तैनात लाइन मैन कुली आदि कर्मचारी सीधे मुंह बात करने को तैयार नहीं होते हैं।

## रक्तसंकल्प संस्था ने वर्षगांठ पर भारत को सौ प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान वाला देश बनाने का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रक्त संकल्प 2025 तक भारत को 100% स्वैच्छिक रक्तदाता देश बनाने की दृष्टि से प्रयागराज (इलाहाबाद) के अत्यंत समर्पित स्वयंसेवकों का एक समूह है। उनका उद्देश्य भारत को रक्त की कम आपूर्ति की समस्या से मुक्त करना है। रक्त संकल्प एक रक्तदान स्वास्थ्य जागरूकता समुदाय है जो लोगों को रक्तदान के महत्व को समझने और रक्तदान के संबंध में सभी भ्रांतियों और शंकाओं को दूर करने में मदद करने के लिए प्राथमिक ध्यान के साथ काम कर रहा है। 14 जून को अपने पहले स्थापना दिवस के अवसर पर, जो कि एक राष्ट्रीय रक्तदान दिवस भी है, रक्तसंकल्प ने अपने स्वयं के र रक्तदान



शिविर का वरूप रानी नेहरू अस्पताल में आयोजन किया, जिसमें उनके सदस्यों ने एक साथ आकर रक्तदान किया। यह कैंप 12 जून को आयोजित किया गया था। इसके बाद एक संस्थापक दिवस बैठक का आयोजन किया गया जो 14 जून को रात 8:30 बजे ऑनलाइन आयोजित किया गया था ताकि पिछले वर्ष में रक्तसंकल्प द्वारा हासिल किए गए मील के पत्थर का जश्न मनाया जा सके और उन बिंदुओं पर चर्चा की जा सके जहां काम करने की आवश्यकता है। जिन बिंदुओं पर चर्चा की गई, वे थे अगले कैलेंडर वर्ष की रणनीति बनाना और योजना बनाना जिसमें सोशल मीडिया योजना, कार्यक्रम, जागरूकता शिविर आदि शामिल हैं। सदस्यों के लिए रक्त संकल्प की ओर कम से कम 3 घंटे समर्पित करने का सुझाव भी दिया गया ताकि सुचारू कामकाज सुनिश्चित हो सके। बैठक में आधिकारिक संपर्क नंबर प्राप्त करने और वेबसाइट को नया रूप देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रवित सचदेव, अभिनव मित्तल, नवनीत पांडे, निशांत झा, सोनल, वंशिता तिवारी, राम गुप्ता, संजय भाटिया, श्लोक रंजन, रघुवंश सिंह, सौरभ, अपूर्वा आदि शामिल थे।

## योग से तन और मन दोनों स्वस्थ होता है : विनोद मिश्र



अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायतों में जनसामान्य के साथ कामन योग अभ्यास का चल रहा है नियमित कार्यक्रम 14 जून से 22 जून 2022 तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 07:00 से 08:00 बजे तक ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन योग का कार्यक्रम संचालित हो रहा है। धरमपुर ग्राम पंचायत में भी नियमित रुप से योग अभ्यास कराया जा रहा है।इसी कड़ी में गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय श्याम नगर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में धरमपुर की प्रधान रेखा देवी, ग्राम विकास अधिकारी सुजीत कुमार, पंचायत सहायक अर्चना गौड़, आँगनबाड़ी कार्यकर्ती स्मृता श्रीवास्तवा, सफाई कर्मी तथा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया। अखिलेश्वर उपाध्याय एवं शिक्षामित्र संजय कुमार ने योग के टिप्स दिये। प्रधान धरमपुर रेखा देवी ने बताया कि 14जून से जनसामान्य के साथ कामन योग का अभ्यास नियमित रुप से किया जा रहा है। इससे योग के महत्व को जनसामान्य तक पहुँचाने में मदद मिल रही है। हमारे देश के प्रधानमंत्री की देन है कि आज हिन्दुस्तान की पुरातन संस्कृति और संस्कार को विश्व स्तर पर पहचान मिली है। शिक्षक विनोद मिश्र ने कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ होता है। ऐसे में यदि दिन की शुरूआत योग के साथ होनी चाहिए और योग को जीवन की अनिवार्य हिस्सा बना लेना चाहिए।

### योग सप्ताह के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जसरा।** शासन के निदेर्शानुसार श्रीईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में योग सप्ताह के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चे उक्त प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कक्षा 10 सी के छात्र किशन कुमार ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पूर्व विद्यालय के प्रवक्ता कुलभूषण मिश्र ने छात्रों एवं शिक्षकों को योगासन करवाए। जिसमें वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, अनुलोम, विलोम,भ्रामरी व उद्गीत आदि का अभ्यास कराया। बच्चों को संबोधित करते हुए उप प्रधानाचार्य सुनील साहू ने कहा योग हमारे जीवन के लिए संजीवनी के समान है। नियमित योग करने वाला ब्यक्ति बहुत कम बीमार होता है। उसे कभी भी बड़ी बीमारी नहीं परेशान कर सकती हैं। इस। अवसर पर शिक्षक अचलेन्द्र जायसवाल, रामलखन प्रजापति, रंगलाल यादव,नन्हे लाल,जगदीश, प्राची श्याम जी केसरवानी के साथ ही श्याम सिंह, लालचंद, संजय आदि लोग उपस्थित रहे।

## अब गावों में कोटेदार चलाएंगे सहज जन सेवा केन्द्र : आशीष

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज जाति, आय, निवास राशनकार्ड व पेंशन समेत तमाम सरकारी योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया अब आप आपके नजदीकी सरकारी राशन कि दुकान में खुलने वाले सहज जन सेवा केंद्र में आने वाले समय में करा सकेगें।करछना तहसील सभागार में कोटेदारो कि उपस्थित में सहज जन सेवा केंद्र जिला प्रबंधक प्रयागराज आशीष तिवारी ने बताया कि कोटेदार अब मामूली फीस पर कई सेवाओं के लिए कर सकते हैं। जैसे कि श्रम कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, राशन कार्ड, आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र आदि अपने राशन कि दुकान पर सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकेगें।वहीं मीटिंग में शामिल करछना तहसील के पूर्ति निरिक्षक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कोटेदारो के माध्यम से तमाम सरकारी योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन किए जाने की सरकार की व्यवस्था को कोटेदार सहज जन सेवा केंद्र को सरल बनायेगें। इन केंद्रों से सर्वाधिक सहूलियत अशिक्षित ग्रामीणों और किसानों को मिलेगी। सरकारी राशन कि दुकान




में केंद्रों के खुलने से लोगों को लेखपालों और तहसील समेत तमाम कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पडेगा वहीं गाँव के लोगों को ग्राहक सेवा केंद्र बन जाने से समय और पैसे की बचत के साथ साथ सरकारी योजनाओं का लाभ पाना आसान हो जाएगा इस मौके पर पूर्ति निरिक्षक अधिकारी सुनील कुमार सिंह पंकज यादव, शशांक सिंह, हिमांशु समेत करछना कौंधियारा चाका ब्लाक के सैकड़ों कि संख्या में कोटेदार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जंघई जंक्शन पर दो टिकट दलालों को पकड़ा गया

**जंघई।** जंघई जंक्शन पर टिकट दलालों का गोरखधंधा काफी दिनों से चल रहा है बार बार शिकायतों को देखते हुए सीआईबी लखनऊ की टीम ने यात्री बनकर दो टिकट दलाल को दबोच लिया। टिकट दलालों का आरपीएफ जंघई ने गुरुवार को चालान कर दिया। जंघई स्टेशन पर आम लोगों को आरक्षण टिकट मिलना असंभव सा लगता है। बता दें कि एक हफ्ते पूर्व सूरत जाने वाले एक यात्री ने लाइन में नंबर लगने के बावजूद जंघई के दलालों द्वारा लाइन से निकाल दिया गया था तो उसने दलाली में लिप्त लोगों के खिलाफ रेलमंत्री को ट्वीट कर यहां की शिकायत किया था। रेल महकमा ने इसकी जांच पड़ताल शुरू किया। बुधवार देर शाम को सिविल ड्रेस में सीआईबी लखनऊ एसआई आनंद सिंह की टीम ने यात्री ग्राहक बनकर टिकट दलाल को खोजना शुरू किया इसके बाद सीआईबी की टीम ने स्टेशन से दो टिकट दलालों को दबोच लिया जिनके पास जंघई से मुम्बई जाने का पांच टिकट बरामद किया गया। जिसमे भदोही जनपद के दुगार्गंज थाना के सराय कंसराय निवासी रवि यादव, मीरगंज थाना के बभनियांव निवासी विकास शर्मा को गिरफ्तार करके आरपीएफ विभाग जंघई को सौंप दिया।

# बवाल के बाद पहला जुमा आज, चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात, फ्लैग मार्च करती पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अटाला बवाल के बाद पहले जुमा पर शुक्रवार को शहर की मस्जिदों में नमाजी भीड़ की शक्ल में प्रवेश नहीं करेंगे। मस्जिदों के प्रवेश द्वार पर भी जमावड़ा न लगाने और कम संख्या में आने के लिए कहा गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज शांति से अदा हो और इस दौरान शहर में फिर किसी तरह का बवाल न होने पाए, इसके लिए मस्जिदों की इंतजामिया कमेटियों की ओर से कई हिदायतें दी गई हैं। ताकि, अमन-चैन में खलल न पड़ने पाए।जामा मस्जिद समेत शहर की सभी बड़ी-छोटी मस्जिदों, दरगाहों में बृहस्पतिवार को इंतजामिया कमेटियों की ओर से बैठक कर शुक्रवार को आने वाले जुमे के हालात पर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा की पैगंबर साहब पर टिप्पणी की निंदा की गई, लेकिन कहा गया कि संगम के शहर की संस्कृति को बचाने के लिए हर शख्स को जिम्मेदारी का परिचय देने की जरूरत है।पेश इमामों और मुतवल्लियों ने हिदायत दी कि किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन की तो बात दूर कहीं भी भीड़ न लगाएं। खास बात यह रही कि मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहा कि मस्जिदों में नमाज के बाद किसी भी दूसरे मुहल्ले का रुख न करें। अलबत्ता सीधे अपने घर जाएं। अगर कोई कारोबारी या व्यापारी है तो वह अपने दुकान या दफ्तर में जाए। इसके अलावा मस्जिदों में जुमे की नमाज के लिए भी गाइड लाइन जारी की गई।कहा गया कि मस्जिदों में जुमे की नमाज के लिए भीड़ की शक्ल में न आएं। इसके अलावा समय की भी पाबंदी लगाई गई। साफ दिहायत दी गई है कि नमाज से 10 मिनट पहले मस्जिद आएं और नमाज के बाद एक-एक कर बाहर निकलकर अपने घर चले जाएं। चार-पांच या इससे अधिक की भीड़ में मस्जिदों से बाहर कतई न निकलें। ताकि किसी भी तरह की न तो अफवाह फैलने पाए और न शांति में किसी तरह की खलल पड़े। नमाज अदा करने के बाद कहीं रुके नहीं, सीधा घर जाएं : शहर काजी मरकजी काजी-ए-शहर मुफ्ती शफीक अहमद शरीफी ने बृहस्पतिवार को शहर की अवाम से शांति-सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने अफसोस व्यक्त किया कि शहर इस वक़्त नाजुक दौर से गुजर रहा है। ऐसे वक्त में शहर का अमन बरकरार रखने के लिए हमें बहुत सब्र व जब्त से काम लेना है। लिहाजा शुक्रवार को जुमा की नमाज अपनी-अपनी मस्जिदों में इत्मिनान के साथ अदा करें और नमाज अदा करने के बाद अपने घरों को जाएं या अपने काम काज पर ध्यान दें। कहीं पर बेकार की भीड़ जमा न होने दें और न किसी अफवाह या साजिश का शिकार बनें।




अटाला क्षेत्रों में तैनात पुलिस के जवान व फोर्स

## न्यूज झरोखा

### लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्वैदिक महाविद्यालय में चलाया गया योग दिवस जागरूकता अभियान




**प्रयागराज।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने जनपद में सभी सरकारी शिक्षण संस्थाओं में 14 जून से 21 जून तक योगाभ्यास कराए जाने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में जनपद प्रयागराज के हंडिया तहसील के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत हंडिया में स्थित लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में योग सप्ताह के अंतर्गत योग दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को योग सिखाया गया। साथ ही योग दिवस जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य ने कहा- योग से आत्म शक्ति बढ़ती है : छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ अवधेश कुमार सिंह ने योग से होने वाले सभी फायदे पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और बताया कि योग हमारे जीवन में किस प्रकार से महत्व रखता है । उन्होंने बताया कि योग हमारे शरीर को निरोग व स्वस्थ्य रखता है। इसके अलावा योग से आत्म शक्ति बढ़ती है और किसी भी व्यक्ति के लिए आत्म शक्ति ही सफलता की ओर अग्रसित करता है। उन्होंने कहा 14 जून से 21 जून यानी एक सप्ताह तक योग दिवस मनाया जाएगा और हमारी टीम हंडिया विकासखंड के लगभग 80 गांव में से 40 गांव में जा चुकी है और लोगों को योगाभ्यास करा चुकी है और लगातार टीम प्रयास कर रही है कि सभी गांव तक पहुंच कर योगाभ्यास कराएं।इस मौके पर आयुर्वेदिक महाविद्यालय के योगा के नोडल अधिकारी डॉक्टर भगवान दास ने बताया कि योग हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है योग से मन और स्वास्थ्य दोनों स्वस्थ रहता है योगाभ्यास में मुख्य रूप से योगेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, सुर श्याम सिंह,डॉ सुषमा तिवारी,निहारिका मिश्रा,अजय यादव, राकेश सिंह,प्रणव गौतम, विजय प्रकाश भारती, संजीव सक्सेना, राकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नदी के मझधार में योगाभ्यास स्वच्छ रखने का लिया संकल्प



**नैनी प्रयागराज।** अरैल तट गंगा नदी मे योगाभ्यास करते हुए गंगा नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प श्रद्धालुओं को दिलाया गया योग प्राकृतिक उपचार की आधारशिला है युक्त विचार भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने व्यक्त करते हुए कहा कि शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक विकास में योग बहुत कारगर है यदि सुव्यवस्थित दिनचर्या के साथ योग को जिंदगी का हिस्सा बनाया जाए तो निश्चय ही सेहत को फिट रखा जा सकता है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि वास्तव में योग अनुशासित जीवन जीने का विज्ञान हैं करो योग,रहो निरोग 'किसान मोर्चा भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि योग का नियमित अभ्यास रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ मन में सकारात्मकता का भाव लाता है नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ और मन को शांति मिलती है मन रहता है प्रसन्न और तनावमुक्त' योग करने से मन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव होता है'अरैल गंगा नदी में योगाभ्यास करने वालों में प्रशांत द्विवेदी,पं दामोदर प्रसाद तिवारी,नितिन केसरवानी,मयंक,सुनील विश्वकर्मा,नीरज शर्मा,राम जी मिश्रा,श्याम जी मिश्रा,रमेश पटेल,नित्यानंद मिश्रा,अवधेश निषाद,विजय केसरवानी,हरमनजी सिंह,दलजीत कौर आदि रहे।

# दो साल में दो मातृत्व अवकाश ले सकती हैं महिला

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मातृत्व अवकाश के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को महिला कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि किसी महिला कर्मचारी को दो साल में दो मातृत्व अवकाश का लाभ न देना कानून के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि मातृत्व लाभ अधिनियम में ऐसी कोई बंदिश नहीं है कि दो साल के बाद ही मातृत्व अवकाश का लाभ दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि यह लाभ दो साल के अंदर भी दिया जा सकता है। कोर्ट ने फिरोजाबाद बेसिक शिक्षाधिकारी के आदेश को रद्द कर दिया है। साथ ही आदेश दिया कि याची को दूसरे मातृत्व अवकाश का लाभ दिया जाए। साथ ही इस समय का उसे वेतन सहित अन्य लाभ भी देने का आदेश दिया है। यह आदेश जस्टिस सिद्धार्थ ने फिरोजाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला बालू में तैनात सहायक अध्यापिका सुनीता यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। बीएसए ने कहा था- दो मातृत्व अवकाश के लिए दो साल का अंतर जरूरी याची ने 2020 में 180 दिनों का वैतनिक मातृत्व अवकाश लिया था। इसके बाद उसने दूसरे मातृत्व अवकाश के लिए मई, 2022 में बीएसए को आवेदन किया। बीएसए ने याची के आवेदन को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि दो मातृत्व अवकाशों के बीच दो साल का अंतराल जरूरी है। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे स्थाई अधिवक्ता ने कहा कि बीएसए ने फाइनेंशियल हैंडबुक में दिए नियमों के अनुसार आदेश दिया है।

**180 दिनों का वैतनिक अवकाश देने का आदेश**

कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि मातृत्व लाभ अधिनियम के अनुसार याची को मातृत्व अवकाश दिया जाना न्याय के हिसाब से है। फाइनेंशियल हैंडबुक में दिए नियम मातृत्व लाभ अधिनियम के प्रावधानों को निष्प्रभावी नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने बीएसए के आदेश को रद्द करते हुए याची को 180 दिनों का वैतनिक मातृत्व अवकाश देने का आदेश दिया।

**गर्भवती महिला को साढ़े 6 महीने का मिलता है मैटरनिटी लीव :** मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के अनुसार गर्भवती महिला 26 सप्ताह यानी साढ़े छह महीने तक मातृत्व अवकाश की पात्र होती है। यह प्रसव की अनुमानित तारीख से 8 सप्ताह पहले से शुरू हो सकती है। मगर, इस अवकाश के साथ यह शर्त जुड़ी है कि कोई भी महिला अपनी पहली दो गर्भावस्थाओं के लिए यह अवकाश ले सकती है। तीसरा बच्चा होने पर 12 सप्ताह के लिए मैटरनिटी लीव देने का प्रावधान भी इसमें शामिल है।



विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी

# व्यापारी की मौत पर मुट्ठीगंज में हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के मुट्ठीगंज में शालिकराम मार्ग निवासी व्यापारी कृष्ण कुमार केसरवानी की गुरुवार सुबह अस्पताल में मौत के बाद हंगामा हो गया । घरवालों के साथ ही स्थानीय लोगों ने शालिकराम मार्ग पर रास्ता जाम कर दिया आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ कठोर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए मुट्ठीगंज पुलिस, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी और भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने आक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं थे ।

**व्यापारियों ने रोड किया जाम**

**3 दिन पहले पुरानी रंजिश में किया गया था हमला :** सालिकराम रोड निवासी कृष्ण कुमार केसरवानी हार्डवेयर की दुकान चलाते थे 3 दिन पहले पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ले के ही नितिन यादव अपने घर के पास बेरहमी से कृष्ण कुमार की पिटाई की थी मामले की रिपोर्ट मुट्ठीगंज थाने में दर्ज कराई गई थी दूसरे दिन पुलिस ने हमलावर नितिन यादव को गिरफ्तार कर लिया था उधर अस्पताल में भर्ती कृष्ण कुमार केसरवानी की हालत नाजुक बनी थी।

**उपचार के दौरान मौत होने पर भड़क उठे परिवार के लोग :** गुरुवार सुबह उपचार के दौरान कृष्ण कुमार की मौत हो गई इसकी जानकारी परिवार के लोगों के साथ ही मोहल्ले के लोगों को हुई तो वह आक्रोशित हो गए सालिकराम रोड पर रास्ता जाम कर दिया । इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही इन सभी का कहना था कि सिर्फ एक हमलावर को गिरफ्तार कर पुलिस चुपचाप बैठ गई जबकि अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जब तक सभी की गिरफ्तारी नहीं होगी और कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती तब तक वह सड़क से नहीं हटेंगे मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहीं।



संगम में अस्थि कलश विसर्जित करते गिरिनार बाबा के परिजन

# नम आंखों के बीच संगम में विसर्जित हुई गिरिनार बाबा की अस्थियां

**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज। शहर के माने जाने व चर्चित संत गिरिनार बाबा का अस्थि कलश संगम में गुरुवार को पूरे रीति रिवाज के साथ विसर्जित किया गया वही इस मौके पर काफी संख्या में संत के शिष्य भी मौजूद रहे। आपको बताते चलें कि सिद्ध संत गिरिनार बाबा जी मूल रूप से

**विसर्जन के दौरान मौजूद रहे सैकड़ों भक्त**

बरगढ़ थाना क्षेत्र के बरगढ़ ग्राम जिला चित्रकूट के रहने वाले थे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे बाबा की लंबी बीमारी के बाद प्रयागराज के एक निजी हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई थी । इसके बाद गुरुवार को बाबा के परिजनों के द्वारा पूरे रीति रिवाज के साथ संगम में अस्थि कलश विसर्जित किया गया, विसर्जन के दौरान गिरिनार बाबा के छोटे भाई व उनके पांचों बेटे सालिक राम शुक्ला, सतीश शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, भैरव शुक्ला, अभिनव शुक्ला तथा काफी संख्या में बाबा के भक्त मौजूद रहे।

# जावेद का घर गिराए जाने के विरोध में नागरिक समाज का धरना-प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भाजपा प्रवक्ता रही नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद पिछले शुक्रवार को प्रयागराज के अटाला में हुई हिंसा के मामले में पुलिस एक्शन का विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को नागरिक समाज के बैनर तले करीब दो दर्जन लोगों ने पत्थर गिरजाघर पर धरना-प्रदर्शन किया। धरना देने वालों का कहना है कि पुलिस उपद्रवियों के साथ-साथ निर्दोष लोगों को भी इस मामले में लपेट रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया और निष्पक्ष जांच कराए जाने और निर्दोष लोगों को बरी किए जाने की मांग की गई।

**संविधान और कानून का राज कायम करो :** धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों में शामिल धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि इस प्रदर्शन में कई संगठनों के सीनियर सिटीजन भी शामिल हुए। इस दौरान इंसाफ मंच की ओर से लिखा गया कि संविधान और कानून का राज कायम करो, एआईसीसीटीयू ने लिखा अल्पसंख्यकों के नागरिक अधिकारों का दमन बंद करो, कानून और संविधान पर बुलडोजर चलाना बंद करो। इस प्रदर्शन में प्रशासन की कार्रवाई की निंदा की गई है।




धरना प्रदर्शन करते नागरिक समाज के कार्यकर्ता

कहां गया किया दंगा पुलिस प्रशासन की लापरवाही से हुआ है। अगर उपद्रवियों के साथ सख्ती से शुरू में ही निपटा गया होता तो यह नौबत ही नहीं आती। एकतरफा पुलिस उत्पीड़न की कार्रवाई को तत्काल बंद करने की मांग की गई । इसके अलावा एनआरसी, सीएए आंदोलनकारियों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने की थी मांग की गई।

**परवीन का घर गिराए जाने पर उठा सवाल :** प्रदर्शनकारियों में शामिल सबीहा मोहानी का कहना था कि बिना किसी ठोस सुबूत के जावेद मोहम्मद को पुलिस मास्टरमाइंड बता रही है। जावेद की भूमिका के आधार पर प्रयागराज प्रशासन ने जावेद की पत्नी परवीन फातिमा के नाम से करेली में स्थित भवन को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। उसे अपनी बात कहने का मौका भी नहीं दिया गया। यह कहां का इंसाफ है? 33 घंटे तक जावेद की पत्नी परवीन फातिमा और छोटी बेटी सुमैया फातिमा को पुलिस कस्टडी में रखा गया। उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी गई। इस पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन अब और भी आरापी बनाए गए लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने की धमकी दे रहा है। प्रदेश में कानून के राज की जगह पुलिस और बुलडोजर राज चल रहा है।

**प्रशासन सरकारी खर्च पर बनवाये परवीन फातिमा का मकान :** नागरिक मंच की ओर से इस आशय की भी मांग की गई कि परवीन फातिमा का मकान शासन अपने खर्चे पर बनवाएं। इसके अलावा बिना सही से जांच पड़ताल किए प्रवीण फातिमा का घर गिराए जाने पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से कमल, राजेंद्र सिंह, नौशाद खान, अनु सिंह, केके राय, धर्मेंद्र सिंह, मनीष सिंह, अंशू मालवीय, राम सिंह,आनंद मालवीय, सीमा आजाद, स्मृति कार्तिकेय आदि मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत



मौत के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र के रामपुर सीरिया में विद्युत पोल में लगे स्टे तार में उतर रहे करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इससे स्वजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शहर भेज दिया है। मृतका के देवर की तहरीर पर पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है।मांडा थाना क्षेत्र के रामपुर सीरिया की रहने वाली सरस्वती देवी (55) बुधवार की दोपहर घर से कहीं जा रही थी। इस दौरान विद्युत पोल में लगे स्टे तार में उतर रहे करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस कर बेहोश हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।इससे स्वजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शहर भेज दिया। वहीं मृतका के देवर नन्हेलाल पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है।परिजनों के मुताबिक मृतका के बेटे अशोक पटेल जबलपुर व सुनील पटेल इटारसी में रहते हैं। जबकि छोटा लड़का अनिल व बेटी सुहानी पटेल घर पर रहते हैं। उक्त घटना को लेकर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### ट्रैक्टर ने बाईक सवार पति पत्नी को रौंदा,मौत

**नैनी प्रयागराज।** पत्नी संग बाईक से फूलपुर के बादशाहपुर की तरफ जा रहे बाईक सवार को पीछ से आये अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंद दिया।जिससे दोनों सड़क पर गिर गये।पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि पति इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।नैनी क्षेत्र के काटन मिल निवासी छोटू पटेल अपनी पत्नी आशा देवी को अपनी पल्सर बाईक से लेकर बुधवार देर शाम बादशाहपुर की तरफ जा रहा था।जैसे ही दोनों लगभग साढ़े आठ बजे रात फूलपुर नगर पंचायत के नेहरू बाजार पहुँचे थे।तभी पीछ? से आये अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे दंपत्ति सड़क पर गिर गये।पत्नी की तो मौके पर ही मौत हो गई।जबकि पति इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं परिजनों में मातम छाया हुआ है।

### दुर्घटना में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** अज्ञात वाहन से बुरी तरह घायल वृद्ध का उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा पटटी निवासी संदीप कुमार पटेल पुत्र लालजी का कहना है कि उसके पिता लालजी 60 वर्ष को 8 मार्च को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिनका उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान उनके पिता लालजी की गुरूवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संदीप कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पंचायत भवन हर्रई की भूमि पर दबंग का कब्जा, डीएम से हुई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**




**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत नवनिर्मित पंचायत भवन ग्राम पंचायत हर्रई बनकर तैयार है लेकिन एक अदद् संपर्क मार्ग न होने के कारण आवागमन से कोसों दूर है इस संबंध में गांव के प्रधान समेत कई लोगों ने विकासखंड करछना से लेकर तहसील प्रशासन एवं जिलाधिकारी तक शिकायत की गई कि उक्त पंचायत भवन पहुंच मार्ग पर गांव का एक दबंग व्यक्ति पूरी तरह से कब्जा कर लिया है साथ ही पंचायत भवन के सामने मकान बनाकर रह भी रहा है रास्ते के अभाव में संपर्क मार्ग के दूर बने पंचायत भवन में आवागमन की सुविधा को लेकर कोई भी कर्मचारी या अधिकारी पंचायत भवन पर नहीं पहुंच पा रहा है जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई उन्होंने निर्देशित किया तहसील प्रशासन को लेकिन तहसील प्रशासन की ओर से सरकारी भवन के मार्ग पर अतिक्रमण करने वाले दबंग के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई जिससे ग्रामीणों का पंचायत भवन पर कार्य कराने के लिए आवागमन पूरी तरह से बाधित है और ग्रामीणों में तहसील प्रशासन के रवैये से आक्रोश भी व्याप्त है ,गांव के प्रधान विजय शंकर तिवारी ने सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से पंचायत भवन की भूमि पर कब्जा तत्काल हटवाये जाने की मांग की है।

# रेलवे के डिप्टी सीएमएम के घर जाँच को पहुँची सीबीआई, परिजनों से जुटाए बैंक व अन्य डिटेल

## पखवारे भर पहले सीबीआई ने आईईएस अफसर समेत चार को किया है गिरफ्तार

### लालगंज के पूरे मातादीन का पुरवा जेवई है आईईएस का पैतृक आवास

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरूवार की सुबह रेलवे अफसर के पैतृक घर पर सीबीआई टीम ने पहुँच कर परिजनों से बैक व अन्य डिटेल की जानकारी ली। लगभग पखवारे भर पहले भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई ने नगदी समेत आईईएस अफसर व अन्य तीन लोगो को गिरफ्तार किया है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पूरे मातादीन जेंवई निवासी आलोक मिश्र पुत्र रामनरेश मिश्र एक आईईएस अधिकारी है जो लखनऊ में रेलवे के डिप्टी सीएमएम के पद पर कार्यरत है। साथ ही रेलवे स्क्रैप निस्तारण से जुड़े काम भी देखते है। आलोक मिश्र के लखनऊ स्थित



आईईएस के पैतृक आवास पर जानकारी लेती सीबीआई टीम।

आवास पर 03 जून को इनके एक करीबी को सीबीआई ने अस्सी हजार के साथ रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया था। यही नही जब इनके आवास,कार्यलय व अन्य स्थानों पर छापेमारी की तो वहां से भी सीबीआई ने 32 लाख दस हजार नगदी बरामद की साथ ही आवास व कार्यलय से आपत्ति जनक दस्तावेज भी बरामद हुए है।

सीबीआई ने आलोक मिश्र, नौकर, अवनीश मिश्र व मंजीत सिहं को गिरफ्तार कर लिया। मंजीत व अवनीश दोनो ही ठेकेदारों को ठेका दिलाने से लेकर लंबित बिलों के भुगतान कराने का काम करते थे। 70 लाख के लंबित बिल के भुगतान के लिए ही 80 हजार रिश्वत की माँग की गई थी।उसी सिलसिले में गुरूवार की सुबह लगभग 9 बजे सीबीआई सबसे पहले रानीगंज कैथौला बाजार पहुँच कर सीधे डाकघर गई लेकिन वहां पिता से मुलाकात न होने कारण जेंवई पूरे मातादीन पहुँची। वहां पहुँच कर पिता रामनरेश मिश्र व भाई से बैक व अन्य संबंधित जानकारी ली। सुबह की आई सीबीआई देर शाम तक पूछताछ करती रही। जांच टीम से परिजन सहमे-सहमे नजर आए। सीबीआई का नाम सुनते ही गाँव में हड़कंप मच गया।

### एसडीएम पत्नी भी आईईएस पति से रहती है दूर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आईईएस आलोक मिश्र की पत्नी भी एसडीएम पद पर कार्यरत है। शादी के कुछ वर्ष बाद ही दोनों के बीच दूरियां बन गई जो आज तक कम नही हुई। दोनों के बीच एक बेटा भी है जो आलोक के ही साथ रहता है। पिता डाकघर मे बीपीएम के पद पर कार्यरत है और दोनों छोटे भाई अध्यापक है।

# बेटी हूं, नित आगे बढ़ती हूं, नये-नये सपने गढ़ती हूं

### सृजना ने आयोजित किया बाल कवि सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा सदर तहसील के सरायदली गांव में बच्चों में सृजनशीलता को बढ़ावा देने हेतु बाल कवि सम्मेलन हुआ। बच्चों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाकर लेखन प्रतिभा का परिचय दिया।

बालकवि अनुराग मौर्य ने पढ़ा, था कबीर दुनिया में पधारो, भटके मानव को सुधारो। आदर्श ने सुनाया बनो स्वाभिमानी बनोगे महान। पढ़ोगे बढ़ेगा हमेशा ही ज्ञान। बाल कवयित्री आरती ने पढ़ा बेटी हूं नित आगे बढ़ती हूं। नये-नये सपने गढ़ती हूं। आयूष, श्रवण कुमार, आनन्द, आकाश सहित अन्य बच्चों ने शिक्षाप्रद रचनाएं पढ़ी। साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने भावपूर्ण रचनाएं लिखने के गुर बताए। अध्यक्षता समाजसेवी प्रेमदास मौर्य ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी आत्मा राम मौर्य रहे। संचालन जितेन्द्र कुमार मौर्या ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे।




बाल कवि सम्मेलन में मौजूद संस्था के पदाधिकारी।

# जुमे की नमाज के लिये लगाये गये 23 ड्रोन

### शांतिपूर्ण नमाज सम्पन्न होने के लिये

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिसजनों को कड़े निर्देश जारी किये हैं जिसके तहत जुमे की नमाज के एक दिन पहले ही पुलिस अपनी व्यवस्था चाक चैबंद कर रही है। 22 थाना परिसर की निगरानी के लिये 23 ड्रोन कैमरे लगाये गये हैं। अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आज गुरुवार को सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय, शहर कोतवाल सत्येन्द्र सिंह तथा कई चैकी प्रभारी कोतवाली क्षेत्र में भ्रमण किया। अधिकारियों का यह काफिला मकन्द्रूगंज पुलिस चैकी, भंगवा चुंगी, बलीपुर होते हुए पुलिस लाइन तक गया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रदर्शन को इजाजत नहीं दी जा रही है। फ्लैग मार्च को निगरानी को अलग-अलग सेक्टर व जोन में बांटा गया है तथा सभी पुलिस अधिकारियों को मोबाइल रहने के निर्देश जारी किये गये है। शुक्रवार को जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक भी निरीक्षण पर निकलेंगे।

# पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह की माता का निधन, पत्रकारों ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के पट्टी तहसील क्षेत्र के करमाही गांव के रहने वाले पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह की माता का गुरुवार की दोपहर निधन हो गया। वह 100 वर्ष की थी। गुरुवार की सुबह अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें लखनऊ ले जाया गया लेकिन उनकी सांसें थम गई। जिस पर प्रयागराज पत्रकार एसोसिएशन संगठन के पदाधिकारियों ने एक शोक सभा कर के पूर्व मंत्री की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रयागराज पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय सलाहकार अवधेश सिंह ने कहा कि माताजी का स्वभाव और उनका मिलनसार व्यक्तित्व हम सब कभी नहीं भूलेंगे उन्होंने शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक सभा के दौरान मुख्य रूप से मनोज यादव रोहित जायसवाल प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह माना विजय पाठक राकेश तिवारी अंकित पांडे बिंदु वर्मा अंकित पांडे अभिषेक शुक्ला अमित चौरसिया सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# महुआ के पेड़ की डाल गिरने से युवती की दर्दनाक मौत

### लालगंज कोतवाली के कोडरा मादूपुर गांव की घटना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पेड़ की डाल गिरने से घर के बाहर सो रही युवती की दर्दनाक मौत हो गयी। पडोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। दिल्ली में रहने वाले माता-पिता के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

लालगंज कोतवाली के कोडरा मादूपुर गांव निवासी रमेशचंद्र की उन्नीस वषीर्या पुत्री शिखा उर्फ मुस्कान बुधवार की रात घर के बाहर सो रही थी। रात तीन बजे के करीब अचानक एक भारी भरकम महुआ के पेड़ की डाल नीचे सो रही युवती के ऊपर गिर गयी। हादसे मे युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के समय युवती के माता-पिता दिल्ली गये थे और वह घर पर अकेली थी। सुबह पडोसियों को घटना की जानकारी हुई तो इसकी सूचना परिजनों के साथ पुलिसकर्मियों को दी। घटना की जानकारी पर पुलिस भागकर मौके पर पहुंची और डाल के नीचे दबी युवती के शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजने के लिए कब्जे मे ले लिया है। घटना की जानकारी पर दिल्ली से माता-पिता गांव के लिए रवाना हो गये हैं। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर युवती के शव को कब्जे मे लिया गया है। मृतका के मां-बाप दिल्ली से वापस आ रहे हैं। परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जाएगा।

### समाज में पुरोधा के निधन से समाज सभा में शोक की लहर

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की एक बैठक समाज सभा के अध्यक्ष गुलाबचंद्र उमरवैश्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज के पुरोधा रहे बड़े लाल उमरवैश्य के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि बड़े लाल चाचा जी समाज के मार्गदर्शक थे उनके मार्गदर्शन से समाज ने ऊंचाइयां प्रदान की। आज उनके निधन से समाज को अपूर्ण क्षति हुई है। जिसे समाज पूरा नहीं कर सकता है। अध्यक्ष गुलाब चंद ने कहा कि बड़ेलाल उमरवैश्य के निधन से पूरा उमरवैश्य समाज शोकाकुल है। अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर शोभनाथ, श्री राम, देवेंद्र कुमार, राम जी पट्टी, गुलाबचंद, राम अजोर, लक्ष्मीनारायण, डॉ श्याम, महादेव, रामविलास, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, जवाहरलाल, राजकुमार, दीपक कुमार आदि।

# सपा जिलाध्यक्ष पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

### पूर्ति निरीक्षक कुण्डा को धमकी देने का है आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा।** कुण्डा तहसील के अन्तर्गत आने ग्राम सभा मऊदारा गांव के कोटे की दुकान की शिकायत ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कुण्डा से की थी। उपजिलाधिकारी कुण्डा ने पूर्ति निरीक्षक कुण्डा शिव कुमार मिश्र को जांच सौंपी थी।जिसकी जांच करने पर शिकायत सही पाई गई थी, जिसकी रिपोर्ट लगाकर पूर्ति निरीक्षक ने उपजिलाधिकारी कुण्डा को सौंप दी थी।

उपजिलाधिकारी कुण्डा के आदेश पर कोटे की दुकान को निलम्बित कर दिया था। कोटे की दुकान राजाराम के नाम से थी।जिसको निलम्बित करने के बाद कोटे की दुकान को करेटी गांव के कोटे की दुकान प्रवीण कुमार से सम्बद्ध कर दी गई थी। निलम्बित कोटे की दुकान के उचित दर विक्रेता राजा राम को पूर्ति निरीक्षक कुण्डा द्वारा ई पास मशीन व कागजात जमा करने के लिए बार बार कहा जा रहा था।

लेकिन राजाराम के द्वारा ईपाश मशीन व कागजात नहीं जमा किया जा रहा था। जिसको लेकर बुधवार को भी पूर्ति निरीक्षक द्वारा उचित दर विक्रेता राजाराम को कागजात व ईपाश मशीन जमा करने के लिए कहा गया। थोड़ी ही देर बाद पूर्ति निरीक्षक कुण्डा के पास एक ब्यक्ति का फोन आया जिसने अपना नाम समाजवादी पार्टी का जिलाध्यक्ष छवि नाथ यादव बताया और पूर्ति निरीक्षक कुण्डा को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसकी सूचना पूर्ति निरीक्षक ने कुण्डा कोतवाली मे दी।कुण्डा पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक कुण्डा की तहरीर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव पर गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व सरकारी कार्य मे बाधा डालने समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत की है।

# कोर्रही की बेटी ने प्रवक्ता परीक्षा में यूपी में हासिल किया चौथा स्थान, कोर्रही में खुशी की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के कोर्रही गांव निवासी रामसिंह यादव लेखपाल की बेटी प्रत्यूशचंद्रा यादव ने प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा महिला वर्ग गणित में प्रदेश में चैथा स्थान प्राप्त कर कोर्रही ही नही पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है।

बता दें कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 2020 की फाइनल परीक्षा में कुमारी प्रत्यूष चंद्रा यादव ने प्रदेश में चैथा स्थान प्राप्त कर



प्रत्यूश चंद्रा यादव।

क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। प्रत्यूशचंद्रा ने प्राथमिक विद्यालय भिटारा से प्राथमिक शिक्षा एवं पारसनाथ यादव इंटरमीडिएट कॉलेज कोर्रही से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है बीएससी एवं एमएससी परीक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है। गांव कोर्रही की बेटी प्रत्यूशचंद्रा ने बताया कि कोई भी प्रतियोगी छात्र यदि मन में तैयारी करते समय लक्ष्य बना ले मेहनत करें तो सफलता निश्चित है इस कामयाबी का श्रेय मेरी माता सुमन लता यादव प्रधानाध्यापिका कोर्रही को है उनकी सोच थी कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिले मेरी बेटी प्रवक्ता बने। पिता राम सिंह यादव कुंडा में लेखपाल है उनकी भी सोचे ही रहेगी बेटी की शिक्षा को बढ़ावा मिलना चाहिए बेटी एवं बेटे में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। आज पूरे गांव एवं राम सिंह यादव के परिवार में जश्न का माहौल है।

# विहिप व बजरंग दल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते विहिप व बजरंग दल पदाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकताओं द्वारा जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि श्री राम नवमी की शोभा यात्राओं पर 100 से अधिक स्थानों पर दूसरे समुदाय द्वारा हमले किए गए थे। पिछले कुछ दिनों से किसी भी बात का बहाना बनाकर हिंदू समाज पर हमले, पथराव, आगजनी, लूटपाट लगातार हो रही है। शासकीय संपत्ति को निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू समाज इन हमलों से आक्रोशित है। इन घटनाओं के विरोध स्वरूप आज 16 जून को सम्पूर्ण भारत वर्ष में बजरंग दल द्वारा धरना और महामहिम राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन दिया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग मंत्री रजनीश तिवारी, विभाग संयोजक नवीन बजरंगी, जिला अध्यक्ष अंजनी जायसवाल, जिला मंत्री राजन तिवारी, प्रदीप सिंह, विमल, अंकित पांडे, रोहित, प्रदीप सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

# व्यापार मण्डल ने अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस की तैयारी को लेकर की बैठक

### जिलाध्यक्ष ने योगा दिवस पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का किया आहवान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों और व्यापार मंडल के सम्मानित पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस एवं अन्य व्यापारिक घटना क्रम हेतु एक बैठक जिलाध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर ही संपन्न हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने सर्वप्रथम सभी को अवगत कराया कि तीन दिन पूर्व 21 जून, अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर पुलिस लाइन में प्रातः 6 से 8 बजे तक होने वाले योगा के संदर्भ में जनपद



व्यापार मण्डल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी।

के सम्मानित जिलाधिकारी नितिन बंसल और मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया के साथ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी व जिला कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल व अन्य विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने योगा दिवस को योगाकर, बढ़-चढ़कर, सहभागिता प्रदान कर महान पर्व के रूप में मनाने हेतु पुलिस लाइन में आमंत्रित किया, जिसके संदर्भ में जिलाधिकारी महोदय ने व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष श्री केसरवानी से उपरोक्त योगा दिवस को सफल बनाने हेतु 18 जून को एक अभ्यास कार्यक्रम रखने के लिए कहा।

उपरोक्त अभ्यास कार्यक्रम हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 जून की प्रातः 6 से 7.30 बजे तक संस्कार गार्डन भगवा चुंगी पर योगाभ्यास सभी लोग अपने परिवार सहित और अन्य इष्ट मित्रों को लेकर करेंगे। बैठक में उपस्थित समस्त सम्मानित गणों ने 18 जून को संस्कार गार्डेन में योगाभ्यास करने हेतु सहमति जताई। उपरोक्त बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी, कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, लखन बाबा, अश्वनी केसरवानी, सभासद भोला सिंह, पतंजलि योग पीठ के गोविंद खंडेलवाल, धीरज उपाध्याय, जैन समुदाय के अरविंद जैन, सिख समुदाय से सरदार सन्नी सिंह, सुरेश चंद्र केसरवानी, मनोज सिंह, राहुल केसरवानी, शिवम केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, प्रमोद केसरवानी, सरदार महेंद्र सिंह, विनय सिंह, शकील अख्तर, मनीष केसरवानी, गोपाल केसरवानी, सरदार मनी सिंह, शिव कुमार सोनी, खादुल अहमद आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय इंद्रावत गांव के युवक ने बीती रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह उठने पर हुई तो घर मे कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलते ही जेठवारा पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

बीती रात थाना क्षेत्र के सराय इंद्रावत गांव के निवासी विद्यार्जन उर्फ पेंटर (32) वर्ष पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ गौतम ने घर के अंदर गमछे के सहारे छत में लगे चुल्ले से लटक कर आत्महत्या कर लिया। सुबह परिजनों ने देखा तो घर में कोहराम मच गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना ग्राम प्रधान द्वारा मिलते ही जेठवारा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और पुलिस की निगरानी में शव को नीचे उतारा गया।.मृतक विद्यार्जन पेंटर चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी नहीं हुई थी वह नशेड़ी किस्म का व्यक्ति था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था।

### रंजिश में आरोपियों ने गर्भवती महिला तथा उसके पति को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश की वजह से आरोपियों ने रास्ते में लाठी-डंडों से लैस होकर एक गर्भवती महिला को लात घूसों से मारा तथा उसके पति को पीट कर जख्मी कर दिया। पति ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाला अली हुसैन पुत्र जाहिर अली ने शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार की सुबह 6 बजे वह अपनी पत्नी अनवरी तथा भतीजे चमन के साथ रिश्तेदारी के लिए जा रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश की वजह से उसके विपक्षी तीन लोगों ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया उसकी पत्नी जो कि गर्भवती है। उसे भी लात घूसों से उसे मारा पीटा और उसके भतीजे को भी काफी चोटे आईं। आसपास के लोगों के आने के बाद आरोपी वहां से भाग खड़े हुए इस संबंध में पीड़ित अली हुसैन ने शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### अधिवक्ता के छोटे भाई की सडक दुर्घटना में मौत

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर के पूर्व प्रधान डाक्टर एस पी सिंह अधिवक्ता के छोटे भाई सत्येंद्र प्रताप सिंह (48) वर्ष बीते बुधवार की देर शाम गांव के अमरजीत सिंह के शव अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए श्रृंगवेरपुर घाट जा रहे थे, तभी भगौतीपुर के पहले बाइक सहित अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरे। इधर परिजन रात भर उनकी खोजबीन करते रहे। गुरुवार की सुबह श्रृंगवेरपुर चैकी प्रभारी एवं थानाध्यक्ष नवाबगंज को जानकारी मिली कि कोई अज्ञात व्यक्ति नाले में बाइक सहित गिरा पड़ा है। इसके बाद पुलिस ने बंद मोबाइल में बैटरी डालकर मोबाइल के माध्यम से परिजनों को सूचना दी। परिजनों में कोहराम मच गया।

# योगीराज में महिलाओं का हो रहा उत्पीड़न

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा।** योगी राज मे महिलाओं का हो रहा हैं लगातार जमकर उत्पीड़न।जहाँ एक तरफ योगी सरकार महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तरह तरह के कानून बना रही है वहीं दूसरी तरफ महिला उत्पीड़न का ग्राफ दिनों दिन बढ़ रहा हैं। ऐसा ही एक मामला कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के पूरे शाह करम अली का पुरवा मे देखने को मिला।

जब एक विवाहित महिला को उसके सास जेठ और पति ने रात भर घर मे नही घुसने दिया महिला ने रात भर घर की चौखट पर जाग कर रात बिताया।ज्ञात हो कि पीड़िता की शादी वर्ष 2022 मे करीब 2 महीन पहले निकाह करके युवक अपने घर लेकर चला आया अब अपने घर से महिला को मार पीट कर भगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि बार बार थाने जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। बुधवार को अचानक फरीदा अपनी भाभी के साथ अपनी ससुराल करम अली का पुरवा पहुंची तो ससुरालीजनों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया और पूरी रात घर मे नही घुसने दिया। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ऐजाज और उनके परिजन दूसरी शादी करना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### जब कचहरी में करने लगे दो पक्ष मारपीट

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय के कचहरी परिसर में गुरुवार की दोपहर दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी कचहरी के किसी व्यक्ति ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस कचहरी पहुंची लेकिन पुलिस के पहुंचने के पूर्व एक पक्ष मौके से भाग गया दूसरे पक्ष को पुलिस ने मंझनपुर कोतवाली बुला लिया है बताया जाता है कि मंझनपुर कस्बे के नेता नगर के एक मृतक व्यक्ति की जमीन पर उनकी बेटी दावा कर रही है मृतक के बेटे दूसरे प्रदेश में रहते हैं पिता की संपत्ति पर गलत तरीके से कब्जा किए जाने की जानकारी मिलने पर बेटे भी अपने परिवार के साथ मंझनपुर आ गए हैं और मृतक के बेटे ने अपना दावा कर रखा है मृतक की बेटी से जमीन खरीदने के लिए मंझनपुर कस्बे के नेता नगर के कुछ लोग सक्रिय हैं और जमीन को औने पौने दाम पर खरीद लेना चाहते हैं बेटी भी अपने पिता की जमीन को बेचकर लाखों की रकम एकत्रित कर लेना चाहती है जमीन की बिक्री में लगे दलाल किस्म के लोगों ने कचहरी परिसर में मृतक के बेटे और उनकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी है दबाव डालकर जबरिया मृतक पिता की जमीन में बेटे के बजाय बेटी से खरीद कर दलाल कब्जा करना चाहते हैं। मामले में जानकारी मिलने के बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस के हरकत में आते ही जमीन के धंधे में लगे दलाल फरार हो गए हैं।

# पेड़ से लटका मिला अधेड़ का सड़ा गला शव

## बलराम चंद्र पुत्र आत्माराम निवासी नूरपुर हजूर पुर रामपुर का मृतक की जेब में मिला आधार कार्ड

अखंड भारत संदेश

**टेडीमोड कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजाद पुर गांव मे रोड के किनारे पेड़ में गमछा से लटकता हुआ कई दिन पुराना एक अधेड़ का शव मिला है शव देखकर प्रतीत हो रहा है कि कई दिन पूर्व अधेड़ की मौत हुई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने अधेड़ के शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ के जेब से मिले आधार कार्ड के मुताबिक मृतक बलराम चंद्र उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र आत्माराम निवासी नूरपुर हजूर पुर रामपुर उत्तर प्रदेश के रूप में पहचान हुई है।

गुरुवार की शाम लगभग 5:00 बजे जैसे ही पेड़ से लटके अधेड़ की शव की जानकारी ग्रामीणों को लगी मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना पाकर स्थानीय पुलिस चौकी इंचार्ज भी घटनास्थल पर पहुँचे और अधेड़ के शव को कब्जे में ले लिया है अब सवाल उठता है कि शव गमछे से लटक रहा था चिकित्सकों के मुताबिक आत्महत्या के लिए गमछे की लंबाई कम पड़ जाती है छोटे गमछे से फंदा बनाकर पेड़ से झूल जाना मुश्किल है पेड़ से लटक रही अधेड़ की लाश ने तमाम सवाल छोड़ दिया है रामपुर का व्यक्ति कौशांबी जिले के शहजाद पुर



घटनास्थल पर पुलिस और ग्रामीणों की भीड़

गांव में आत्महत्या करने क्यों आएगा और यदि किसी ने अधेड़ की हत्या की है तो उस व्यक्ति का इस क्षेत्र से रिश्ता जरूर होगा यह पुलिस के लिए बड़ी जांच का विषय है अधेड़ की लाश से पानी टपक रहा था लाश सड़ गल चुकी थी जिससे प्रतीत हो रहा है कि कई दिन पूर्व अधेड़ की मौत हुई है दूसरा सवाल यह उठ रहा है कि जिस स्थान पर अधेड़ का शव लटक रहा था उस क्षेत्र में ग्रामीणों का बराबर आना जाना रहता है फिर यदि कई दिन पहले से अधेड़ की लाश इस क्षेत्र में लटक रही थी तो फिर ग्रामीणों की नजर लाश तक कैसे नहीं पहुंची है हंड्रेड डायल से लेकर थाना और चौकी पुलिस लगातार गश्त करती है फिर इतनी आसानी से कैसे अधेड़ की लाश पेड़ तक पहुंची है पेड़ से लटक रहे अधेड़ की लाश ने तमाम सवाल छोड़ दिया है घटनास्थल देखकर प्रतीत हो रहा है कि अधेड़ की हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया है।

### पहले भी मिल चुकी हैं तमाम लाश

**कौशांबी।** जिले में लाशों के मिलने का यह खेल कोई नया नहीं है आए दिन सुनसान स्थान पर लाश मिलती है कुछ मामले में पुलिस खुलासा कर घटना में लिप्त लोगों को जेल भेज देती है तमाम मामलों का खुलासा पुलिस नहीं कर पाती है पूर्व में मिली कई लाशों की शिनाख्त तक पुलिस नहीं कर सकी है कुछ मामले में शिनाख्त करने के बाद पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी है और पेंडिंग पत्रावली कर हत्या जैसे गंभीर मामले की पत्रावली पुलिस ने बंद कर दी है बताया जाता है कि ट्रक चालकों की हत्या कर ट्रक लूटने वाले और लाश को ठिकाने लगाने वाले गिरोह के सदस्य बीते तीन दशक से अधिक समय से सक्रिय हैं और जब कभी पुलिस की नजर टेढ़ी हुई तो गिरोह के सदस्य शांत हो जाते हैं और फिर पुलिस की सुस्ती देखते ही गिरोह के सदस्य अपने कार्य को बेखौफ तरीके से अंजाम देने लगते हैं पूरी तरह से गिरोह को नेस्तनाबूद पुलिस नहीं कर सकी है।

# तीन अधिकारी की कुर्सी पर कब्जा कर एक्सीयन बने माफिया!

**लोक निर्माण विभाग के तीन खण्ड का चार्ज मिलने के बाद व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं एक्सीयन**

**कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को निर्माण खंड और पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है लेकिन तीन विभाग का प्रभार मिल जाने के बाद अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड विभागीय व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं तीनों विभाग में अवर अभियंता और सहायक अभियंता पूरी तरह से अधिशासी अभियंता पर भारी पड़ रहे हैं पूरे विभाग में ठेकेदार अवर अभियंता सहायक अभियंता की गठजोड़ से बेखौफ तरीके से घटिया क्वालिटी के सड़कों का निर्माण हो रहा है काम के बोझ के तले दबे अधिशासी अभियंता सहायकों पर भरोसा कर पत्रावली आगे बढ़ा रहे हैं उन्हें सड़क निर्माण की जमीनी निरीक्षण का समय नहीं है जिससे योगी सरकार में बनने वाली सड़क बेहद घटिया क्वालिटी की बनाई जा रही है लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता भी कौशांबी में बढ़ते भ्रष्टाचार पर धृतराष्ट्र बने हुए हैं जिले में बनाई जाने वाली सड़कों का आलम यह है कि एक तरफ नई सड़क बन रही है दूसरी तरफ नवनिर्मित सड़क की गिट्टियां उखाड़ रही हैं लेकिन शिकायत के बाद भी भ्रष्टाचार में लिप्त सहायक अभियंता अवर अभियंता और ठेकेदार पर दंडात्मक कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे अधिशासी अभियंता की भी भूमिका सवालों के घेरे में है। सूत्रों की माने तो 15% विभाग में कमीशन खोरी के बाद ठेकेदारों को सड़क निर्माण का बजट अवमुक्त किया जा रहा है लोक निर्माण विभाग की सरकारी पत्रावली लेकर सहायक अभियंता आवास से कार्यो को निपटाते हैं जहां ठेकेदारों को बुलाकर कमीशन की रकम वसूली जा रही है सब कुछ अधिशाषी अभियंता जानते हुए मौन हैं हालांकि विभागीय अधिकारी कमीशन खोरी की बात से इंकार कर रहे हैं विभाग के ठेकेदारों की बातों को माने तो लोक निर्माण विभाग में कमीशन खोरी का यह खेल समाजवादी सरकार के कार्यकाल से लगातार चल रहा है ठेकेदारों का कहना है कि कोई नई परंपरा नहीं है पूर्ववर्ती सरकार के समय में विभाग में शुरू हुआ कमीशन खोरी का खेल योगी सरकार में भी नहीं बंद हो सका है बल्कि पूर्ववर्ती सरकार के समय के कमीशन के प्रतिशत में योगी सरकार के कार्यकाल में कमीशन का प्रतिशत बढ़ चुका है 3 विभाग के चार्ज पर तैनात अधिशासी अभियंता अधिकारी कम बड़े माफिया ज्यादा बन चुके हैं जिससे विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार को लोक निर्माण विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार को संज्ञान लेते हुए अधिशासी अभियंता पर कठोर कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के तीनों खंड में अलग-अलग अधिशासी अभियंता की तैनाती किए जाने का निर्देश दिए जाने की जरूरत है इस संबंध में अधिशासी अभियंता से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी है।

# सन्देह की स्थिति लगने पर तत्काल अवगत कराने के डीएम एसपी ने दिए निर्देश

## जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु डीएम एवं एसपी ने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधिक्षक हेमराज मीणा द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सम्राट उदयन सभागार में बैठक की जिलाधिकारी ने सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को आज अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय बनाकर सतर्क होकर ड्यूटी करें तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की सन्देहास्पद स्थिति लगने पर अपने जोनल/सुपर जोनल



शांति व्यवस्था की बैठक करते डीएम एसपी

मजिस्ट्रेट, उन्हें तथा पुलिस अधीक्षक को तत्काल अवगत करायें, जिससे आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जा सकें। पुलिस अधीक्षक ने सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से वार्ता कर उनका मोबाइल नम्बर ले लिया जाय तथा नियमित रूप से उनके सम्पर्क में रहें। इसके साथ ही उन्होंने गठित पीस कमेटियों के सदस्यों के साथ भी क्षेत्र भ्रमण करने तथा उनके सम्पर्क में रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाय, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाये बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक समरबहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सुने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवर नकदी उठा ले गए पड़ोसी

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के अनुज कुमार पुत्र मुकुंदी लाल ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 15 मई को घर में ताला बंद कर वह अपनी माता सुनीता देवी के साथ अपने मौसी के घर चला गया था 11 जून को वह मौसी के घर से जब वापस अपने घर लौटा तो देखा कि अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे दो सेट सोने के झूमर दो सेट सोने के टाप्स दो सेट मंगलसूत्र सोने की जंजीर चार अंगूठी नाक की कील पायल 3 लाख 20 हजार रुपए नगद के साथ पुराने चांदी के सिक्के आदि सामान घर से गायब था थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर अनुज कुमार ने पड़ोसी पर चोरी किए जाने का आरोप लगाया है एक महीने बीत जाने के बाद थाना पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है कोई कार्यवाही होते ना देख अनुज कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और चोरी गए सामान की बरामदगी कराए जाने की मांग की है।

# डीएम-एसपी के साथ एसडीएम सीओ एवं कोतवाल ने मंझनपुर में किया फुट पेट्रोलिंग

## यदि किसी ने बवाल करने की कोशिश भी की तो पुलिस फोर्स ने उसके साथ सख्ती से निपटने की पूरी योजना बना ली है

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समाज में अमन-चैन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है गुरुवार की शाम डीएम एसपी के साथ एसडीएम सीओ कोतवाल ने मंझनपुर कस्बे में फुट पेट्रोलिंग कर आम जनता में सुरक्षा की भावना जागृत की है कानपुर प्रयागराज में बवाल के बाद पुलिस पूरी तरह से सुरक्षा को लेकर मुस्तैद है और किसी कीमत पर बवाल करने वाले के मंसूबे को सफल नहीं होने देना चाहती यदि किसी ने बवाल करने की कोशिश भी की तो पुलिस फोर्स ने उसके साथ सख्ती से निपटने की पूरी योजना बना ली है जिलाधिकारी सुजीत कुमार पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा



कस्बे का भ्रमण करते डीएम एसपी

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु फूट पेट्रोलिंग किया। एसडीएम मंझनपुर प्रखर उत्तम और क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेंद्र कृष्ण नारायण प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी गण थाना मंझनपुर का पुलिस बल सेक्टर स्कीम के तहत कस्बा मंझनपुर में विभिन्न रास्तों स्थानों पर भ्रमण कर फुट पेट्रोलिंग करते हुए आम जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत की है।

# लोक सेवा आयोग की परीक्षा में दलित बालिका बनी जीआईसी प्रवक्ता

**कौशांबी जिले के हरदुआ गांव के ग्राम प्रधान के बहन का चयन होने पर चारों ओर खुशी का माहौल**



**कौशांबी।** दलित परिवार में जन्मी संजू ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करके जीआईसी की प्रवक्ता बन गई है उनके प्रवक्ता बन जाने के बाद परिवार के साथ समाज के बीच खुशी की लहर है संजू के प्रवक्ता बनने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। चायल तहसील के ग्राम पंचायत हरदुआ की रहने वाली संजू पुत्री स्व० रोशन लाल का चयन जीआईसी में संस्कृत विषय मे प्रवक्ता पद पर हुआ है संजू लगातार कई वर्षो से प्रयागराज में रह कर प्रवक्ता की तैयारी कर रही थी कठिन परिश्रम और अथक प्रयासों से उन्होंने सफलता प्राप्त की उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बुधवार को प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा 2020 के तीन विषयो रसायन विज्ञान, गणित, और संस्कृत का अंतिम परिणाम जारी किया इनमे कुल 485 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है लोक सेवा आयोग की परीक्षा परिणाम में कौशांबी के हरदुआ निवासी संजू को संस्कृत विषय से प्रवक्ता पद के लिए सफलता प्राप्त हुई आपको बता दे कि संजू पुत्री रोशन लाल एक दलित (पासी) परिवार से आती है। संजू की इस सफलता से उनके परिवार के साथ साथ जिले के पासी समाज का भी नाम रोशन हुआ है। संजू ने प्रारंभिक शिक्षा अपने ही गृह जनपद में और उच्च शिक्षा प्रयागराज से प्राप्त किए। संजू के बड़े भाई श्री पाल वर्तमान में ग्राम पंचायत हरदुआ के ग्राम प्रधान है उन्होंने बताया कि उनकी बहन की इस सफलता से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है जब से उनको सफलता मिली है परिवार में और उनको बधाई देने वालों की भीड़ सी आ गई। संजू की सफतला से परिवार के साथ साथ पूरे गांव और जिले में खुशी की लहर है।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

## मानक से कम संस्थागत प्रसव कराने वाली एवं निजी अस्पतालों में प्रसव कराने वाली आशाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सीएचसी मंझनपुर में संस्थागत प्रसव मानक से कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आशाओं के रजिस्टर की नियमित जॉच एवं कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि मानक से कम संस्थागत प्रसव कराने वाली एवं निजी अस्पतालों में प्रसव कराने वाली आशाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को भी प्रत्येक सप्ताह सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आशाओं



स्वास्थ्य समिति की बैठक करते डीएम सीएमओ व विभागीय अधिकारी

के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिये।उन्होंने आशाओं का भुगतान समय से करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को गम्भीरता पूर्वक अपने दायित्यों का निर्वहन करने एवं योजनाओं/कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि शासन द्वारा जारी ट्रान्सफर नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि आरसीएच पोर्टल पर अभियान चलाकर फीडिंग कराने तथा नियमित टीकाकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, करारी में प्रसव केन्द्र शीघ्र शुरू करने के साथ ही जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसव केन्द्र शुरू नहीं किया गया है, उन सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसव केन्द्र शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी ने सभी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी कर्मचारी द्वारा मरीजों से एक्सरे आदि के नाम पर पैसा मॉगने की शिकायत न आने पाये। उन्होंने कहा कि सभी सी0एच0ओ0 को प्रशिक्षण दिलाकर उनके कार्यों की नियमित समीक्षा किया जाय। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगियों की सूची उन्हें उपलब्ध करा दिया जाय, जिससे जिन कुष्ठ रोगियों के पास आवास की सुविधा नहीं है, उन्हें आवास की सुविधा उपलब्ध करायी जा सकें।

उन्होंने समीक्षा के दौरान कुछ योजनाओं/ कार्यक्रमों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू में प्रगति कम पाये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि विशेष ध्यान देकर प्रगति सुनिश्चित किया जाय बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम आदि योजनाओं/ कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 के0सी0 राय एवं सी0एम0एस0 डॉ0 दीपक सेठ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# शांति व्यवस्था बनाए रखने की मंदिर मस्जिद कमेटियों को सौंपी जिम्मेदारी

## मंझनपुर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के दिखे कड़े रुख

**कौशाम्बी।** कानपुर के बाद प्रयागराज सहित विभिन्न जिलों में नमाज के बाद बवाल के मामले को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद चौकन्ना है और वह किसी कीमत पर आगे बवाल करने वालों को छोड़ने के मूड में नहीं है मंझनपुर कोतवाली में गुरुवार की शाम पीस कमेटी की बैठक कर नगरपालिका मंझनपुर के साथ-साथ गांव क्षेत्र के सभ्रांत सम्मानित लोगों को पुलिस ने आमंत्रित किया और पीस कमेटी की बैठक में मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा है कि समाज में अमन चैन और शांति व्यवस्था बनाए रखने में मंदिर मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों के सहयोग की पूरी जरूरत है उन्होंने दोनों कमेटियों के पदाधिकारियों से साफ शब्दों में कहा कि यदि कहीं भी किसी तरह की शांति भंग आशंका समझ में आती है तो तत्काल कोतवाली से लेकर डीएम एसपी तक स्थिति की सूचना दें उन्होंने कहा कि पूरी तरह से अमन चैन शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दोनों कमेटियों के पदाधिकारियों की होगी उन्होंने मंदिर मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि किसी प्रकार की अव्यवस्था की जानकारी मिलने पर पहले अपने स्तर से मामले का निस्तारण करें यदि मामले का निस्तारण नहीं होता तो कोतवाली पुलिस से लेकर सीओ अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक डीएम को भी व्यवस्था की सूचना दे सकते हैं पीस कमेटी की बैठक में कोतवाल के तेवर कड़े दिखाई पड़े हैं किसी कीमत पर बवाल करने की सोच रखने वाले भी बक्से नहीं जाएंगे पुलिस पूरी तरह से अमन-चैन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है और हर तरह की स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ साथ कोतवाली से संबंधित पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक भी मौजूद रहे।

# नियमों के विपरीत चल रहा है आलीशान सुसज्जित अस्पताल

## बसपा सरकार के मंत्री द्वारा 16 वर्ष पूर्व अस्पताल के उदघाटन के बाद नहीं मौजूद है संपूर्ण सुविधाएं, स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश को 3 दिन बीत जाने के बाद भी जिले की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शुरू नहीं किया है

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम पर जिले के शहर मुख्यालय से लेकर गांव चौराहे तक अवैध नर्सिंग होम की भरमार है प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक मरीजों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का दावा कर रहे हैं 3 दिन पहले कौशांबी आगमन पर स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा व्यवस्था सुधार करने का निर्देश सीएमओ को दिया है लेकिन स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश को 3 दिन बीत जाने के बाद भी जिले की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शुरू नहीं किया है अवैध तरीके से संचालित सैकड़ों अस्पताल में एक भी अस्पताल को सीज कर संचालक पर मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास सीएमओ ने नहीं किया है जिससे अवैध नर्सिंग होम के संचालन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता की बू आ रही है।

कौशांबी जिले के जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित जिले के विभिन्न चौराहे कस्बे और गांव क्षेत्र में जगह-जगह पर सुसज्जित आलीशान अस्पतालों का संचालन अवैध तरीके से हो रहा है सुसज्जित आलीशान अस्पतालों का





अस्पताल का दृश्य

ढकोसला कर इलाज के नाम पर मरीजों को बेखौफ तरीके से लूटा जा रहा है दर्जनों बेड के अवैध अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज का उपचार किया जा रहा है लेकिन ठीक कितने होते हैं इसका लेखा-जोखा अस्पताल संचालक के पास नहीं है अस्पताल संचालकों के पास स्वास्थ्य विभाग के नियमों के मुताबिक संपूर्ण सुविधाएं मौजूद नहीं हैं फिर भी गलत अस्पतालों के संचालन पर रोक लगती नहीं दिख रही है मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए योग्य चिकित्सक निजी अस्पतालों में मौजूद नहीं रहते हैं लेकिन अस्पताल के गेट पर चिकित्सकों की लंबी सूची लगा दी गई है लेकिन बोर्ड में जिन चिकित्सकों का नाम लिखा गया है वह अस्पताल में कभी मरीजों कस इलाज करते नहीं देखे जाते हैं जांच के समय अस्पताल के गेट पर लगे बोर्ड को देखकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी वापस लौट आते हैं सीएमओ के रहमों करम पर अवैध तरीके से सुसज्जित अस्पताल का संचालन बेखौफ तरीके से किया जा रहा है।

इसी तरह का एक अस्पताल चरवा चौराहे के मनौरी रोड पर बीते 16 वर्षों से संचालित हो रहा है इस अस्पताल का उद्घाटन तत्कालीन बसपा मंत्री नंद गोपाल गुप्ता के कर कमलों द्वारा हुआ था अस्पताल का उद्घाटन तत्कालीन मंत्री ने किया था उस अस्पताल की संपूर्ण सुविधाएं स्वास्थ्य नियमावली के मुताबिक 16 वर्षों बाद भी नहीं हो सकी है क्या भाजपा के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक इस अवैध अस्पताल के संचालन को संज्ञान लेकर अस्पताल को सीज कराते हुए अवैध अस्पताल में संचालन में लिप्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई करेंगे या फिर केवल स्वास्थ्य मंत्री का मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिए जाने का बयान बाजी भाषण बाजी तक सीमित है जाएगी।

### आखिर क्यों नहीं रुक पा रही परीक्षा के दौरान नकल

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के दुर्गापुर स्थित महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान जमकर नकल कराई जा रही है। शिकायत होने के बावजूद जिम्मेदार कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्रबंधक पर कमाई का भूत सवार है। उन्होंने बच्चों को साल भर शिक्षा तो दी नहीं। नकल के सहारे उनके भविष्य को बर्बाद करना चाह रहे हैं। जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए कि प्रतिदिन होने वाली नकल को रोकने के लिए एक टीम बनाकर महाविद्यालय भेजें जो ईमानदारी से नकल पर अंकुश लगाने का काम करें लेकिन कानपुर विश्वविद्यालय के जिम्मेदार भी मूकदर्शक बने हुए हैं।

### बालिका को पुलिस ने प्रेमी के साथ किया बरामद

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कांशी राम कॉलोनी से एक दलित नाबालिंग बालिका 6 दिन पूर्व भाग गई थी परिजनों की सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने दलित बालिका को उसके प्रेमी के साथ बरामद कर लिया है पुलिस ने बताया कि बालिका की उम्र 17 वर्ष है लेकिन बालिका प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी है पुलिस ने बरामद बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### गौआश्रय स्थल के सम्बन्ध में सीडीओ ने की बैठक



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ गौआश्रय स्थल के सम्बन्ध में बैठक किया मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष भूसा दान के कार्य में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी पशु चिकित्साधिकारियों को भी आमजन से अपील कर भूसा दान कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि किसी भी गौशाला के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत न आने पाये।बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी अमित तिवारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं सभी खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संपादकीय

## सोशल मीडिया की भी मर्यादा हो

**जीवन** जीने की शैली बहुत हद तक उस परिवेश के बीच और इर्द-गिर्द सजती-संवरती है जो उसके लिए जरूरी साजो-सामान और अवसर मुहैया कराता रहता है । वस्तुतः दोनों इस तरह एक-दूसरे के इतने करीब होते हैं कि उनके बीच किसी तरह के कार्य-कारण का रिश्ता ढूंढ निकालना असम्भव सा हो जाता है । यह परिवेश नैसर्गिक रूप से हमें उपलब्ध होता है पर मनुष्य के रूप में हम उसमें बदलाव लाते रहते हैं । सभ्यताओं के विकास की कहानी बताती है कि परिवेश में बदलावों की लंबी कड़ी में मीडिया की सत्ता आज सबसे महत्व की हो चली है ।मानव इतिहास की नवीनतम सर्वव्यापी घटना के रूप में सूचना-संचार का गठन आज कई मानकों का अतिक्रमण कर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है । इस क्रम में सोशल मीडिया के आविष्कार ने एक बड़ा अध्याय जोड़ा है जिसका दूरगामी प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि वह मनुष्य के अस्तित्व के प्रश्न और उसे वास्तविक धरातल पर सुलझाने की प्रक्रिया को दिशा दे रहा है । मनुष्य के लिए अपनी आत्माभिव्यक्ति और दूसरों के साथ उसे साझा करना एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है । समाज में इनकी व्यवस्था के लिए आज सोशल मीडिया हावी हो रहा है जिसका चक्र अब सतत चलता रह रहा है । इनके तात्कालिक प्रभाव इतने जबरदस्त होते हैं कि उनकी गिरफ्त में जो फंसता है उसे कोई दूसरी राह नहीं सूझती । उल्टे इनसे जुड़े रहने का चाव और चाहत ऐसे तीव्र और सघन ढंग से बढ़ती जाती है कि ज्यादातर लोगों को समय कम पड़ने लगता है । आज सोशल मीडिया हमारे अस्तित्व के हर निजी और सार्वजनिक पहलू को स्पर्श कर रहा है । उसी के द्वारा हम और उसी में रच-बस कर अब सारे जीवन व्यापार होने लगे हैं । यथार्थ, सत्य, अनुकरण और कल्पना के विविध रूपों तक हमारी साक्षात और परोक्ष पहुंच अब बहुत हद तक मीडिया से होकर ही होने लगी है । आमतौर पर अब आदमी मीडिया की प्रस्तुति वाली दुनिया के साथ ही अपनी वास्तविक भौतिक दुनिया से भी जुड़ता है । यदि वास्तविक दुनिया से उसका सीधा संपर्क हो भी तो वह उसे सोशल मीडिया की प्रस्तुति के आलोक में ही देखने-समझने की कोशिश करता है । सूचना का बढ़ता साम्राज्य हमारे परिवेश में सबसे व्यापक और प्रभावी बदलाव साबित हो रहा है । सोशल मीडिया के वास्तविक और मूर्त रूप इंटरनेट और मोबाइल फोन के प्रसार ने जीने का सलीका उलट-पलट दिया है । जीवन के साथ उसका रिश्ता लगभग सभी आयामों में फैलता-पसरता गया है । सूचना तो हमेशा ही जरूरी थी और ज्ञान तथा शिक्षा से उसका निकट का रिश्ता तो पुराना था परंतु उसकी दखल बाकी जिंदगी में इतनी केंद्रीय हो जाएगी ऐसा पहले किसी ने नहीं सोचा था । विश्व के बीच विश्व का एक प्रतिरूप उपस्थित करते हुए मीडिया बाह्य अवसरों और आतंरिक प्रेरणाओं को रचते हुए बड़े ही संवेदनशील ढंग से हमारे आचरण को काटती, छांटती और समृद्ध करता चल रहा है । ऐसे में आज हर तरह के कारोबार में मीडिया का अनिवार्य हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है । तीव्र प्रवाह और निजता-सार्वजनिकता दोनों का दायरा बढ़ाते हुए आज सारी चीजें उसी के अधीन होती जा रही हैं । हम हर बात के लिए इसके तंत्र के ऊपर निर्भर हुए जा रहे हैं । नैसर्गिक और वास्तविक दुनिया में बनाने वाले मानवीय रिश्तों और उनके बीच आपसी सम्बंध को स्थगित और विस्थापित कर मीडिया उनका नया गणित बना रहा है और नई पीढ़ी उसी के हिसाब से चलने को तत्पर है।

# ऐतिहासिक सच्चाई को समझें भारतीय मुसलमान

सुरेश हिन्दुस्थानी

**भारत** विभाजन के समय जिन मुसलमानों की मानसिकता विभाजनकारी थी, वह सभी पाकिस्तान चले गए। लेकिन कई मुसलमान ऐसे भी थे, जिनको भारत ही पसंद था, ऐसे मुसलमानों ने भारत में ही रहना पसंद किया। वह एक प्रकार से शांति प्रिय मुसलमान ही था। आज भी भारत के मुसलमान शांति प्रिय हैं, लेकिन कुछ लोग पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगान के कट्टरपंथी मुसलमानों के संकेत पर भारत के मुसलमानों को भड़काने का काम कर रहे हैं। जो शांत प्रिय मुसलमानों को अशांत करने का एक बड़ा कारण माना जा सकता है। यहां बड़ा सवाल यह आता है कि आज विश्व के अनेक देशों में मुसलमानों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। इस संदेह के कारण ही सीधा साधा और शांति प्रिय मुसलमान परेशान हो रहा है, वास्तव में जिहादी संगठन ही आज मुसलमानों की दुर्दशा के कारण हैं, मुसलमानों को इस सत्य को स्वीकार करना ही चाहिए। भारत में भी कई जगह जो मुसलमान शक के दायरे में हैं, हो सकता है कि वे मुसलमान भारत के न हों, क्योंकि हम जानते हैं कि देश में आज पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगान और ईरान के मुसलमान भी निवास कर रहे हैं। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपने देश से वीजा लेकर भारत आए और यहां आकर वह वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी रह रहे हैं, इतना ही नहीं आज उनकी पहचान करना भी मुश्किल हो रही है, क्योंकि वे कट्टरवादी, भारतीय मुसलमानों में समा गए हैं। सीधे शब्दों में कहा जाए तो यही कहना होगा कि उनको भारत में कट्टरवादी मुसलमानों ने ही आश्रय दिया है। जो उनके लिए अशांति का वातावरण निर्मित कर रहे हैं। जहां तक भारत के मुसलमानों का सवाल है तो यही कहा जा सकता है कि भारत के मुसलमान मूलतः हिन्दू हैं। उनके पूर्वज हिन्दू हैं। इनमें से कुछ मुसलमान इसलिए कट्टर हो गए हैं, क्योंकि वे पाकिस्तान या बांग्लादेश के कट्टरपंथियों के सम्पर्क में हैं। भारत का जो भी मुसलमान इन दोनों देशों से आया है, वह भारत के संस्कार नहीं समझ सकता। इ स1 के विपरीत भारत का वास्तविक मुसलमान स्वभाव से हिन्दू होने के कारण आज भी शांति चाहता है। यही लोग एनआरसी का विरोध करते दिखाई देते हैं और यही लोग भारत को तोड़ने का दुस्साहस कर रहे हैं। इसलिए भारत के मुसलमानों को चाहिए कि वह इनके बहकावे में नहीं आएं, क्योंकि इससे उनका तो भला होगा, लेकिन भारत के मुसलमानों का नहीं। क्या कभी किसी ने इस बात पर गौर किया है कि आज अनेक मुस्लिम देश आतंक से परेशान हैं। आज समस्त विश्व वैश्विक शांति के लिए प्रयास कर रहा है, वर्तमान समय में यह आवश्यक भी है और तथ्यपरक बात यह है कि विश्व शांति के जिस दर्शन की ओर दुनिया के लोग जाने का प्रयास कर रहे हैं, वह दर्शन भारतीयता में हैं। कहना तर्कसंगत ही होगा कि भारतीय दर्शन से ही शांति की स्थापना हो सकेगी। हम जानते हैं कि भारत के जिन कट्टरपंथी मुसलमानों ने वर्ष 1947 में जिस प्रकार से पाकिस्तान का निर्माण किया। उसके पीछे केवल कट्टरवादिता ही थी। वे आज भारत के मुसलमानों के हाथ में पत्थर थमाना चाहते हैं। अगर उनको भारत के मुसलमानों के बारे में चिंता है तो वह उन्हें रोजगार के साधन देने का प्रयास करें, जिससे वह अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। इसके अलावा सबसे बड़ा सत्य तो यह है कि भारत और पाकिस्तान में निवास करने वाले मुसलमान के पूर्वज पहले हिन्दू ही थे। अगर वे इतिहास उठाकर देखेंगे, तो उन्हें इस सच्चाई का पता चल जाएगा। वैसे भारत के कई मुसलमान आज भी इस सत्य को बेहिचक स्वीकार करने का साहस दिखाते हैं। यह भी सच है कि दुनियाभर में जितने भी मुसलमान निवास करते हैं, उनमें सबसे ज्यादा सुरक्षित भारत में ही हैं। आज कुछ मुसलमान संदेह की दृष्टि से देखे जा रहे हैं, उसके पीछे भी सबसे बड़ा कारण स्वयं मुसलमान ही है। तथाकथित मुस्लिम समुदाय जहां भारत में अमन चैन व शांति को भंग करने के प्रयास में लगा हुआ है, वहीं बाहरी तत्व इसको हवा देने का कार्य कर रहे हैं। नूपुर शर्मा के मामले में यही कहा जाएगा कि इसमें मुसलमानों को गुमराह करने का काम किया गया। नूपुर शर्मा ने जो बोला, उस सत्य से मुसलमान भी परिचित है। उनकी किताब भी यही कहती है। फिर यह बवंडर क्यों? यह ऐतिहासिक सच्चाई है कि विदेशी मुस्लिम बादशाहों ने भारत पर कभी लूटपाट के लिए और कभी अपनी सत्ता स्थापित कर इस्लामी झंडा फहराते हुए भारत की धर्म, संस्कृति और परंपरा को क्रूरता से कुचलने की लगातार कोशिश की। चाहे बाबर, तैमूर, गौरी हो या औरंगजेब हो, सभी की बर्बरता की कहानी इतिहास चीख-चीखकर कह रहा है। इतिहास को कुरेदकर यह समीक्षा करने का समय नहीं है कि ये क्रूर हमलावर क्यों सफल हुए। भारत की राजशक्ति इस क्रूरता का प्रतिकार क्यों नहीं कर सकी। इस सबकी तह में जाने से यह पता चलता है कि कही न कहीं भारतीय समाज में अपने धर्म के प्रति निष्ठा कमजोर थी, लेकिन आज एक बात दिखाई देने लगी है कि भारतीय युवा अपने धर्म के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन कर रहा है और ऐसा करने में उसे गौरव का अहसास भी होता है। हम देखते हैं कि देश के विरोध में उठने वाली हर आवाज का हर स्तर पर सटीक जवाब दिया जाने लगा है। हम यह भी जानते हैं कि क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। ध्यान रहे कि जब मुसलमान अपने धर्म के बारे में कोई गलत बात सुनना नहीं चाहता तो अन्य धर्म के व्यक्ति कैसे सुन सकते हैं। वर्तमान में भारत की करीब बीस प्रतिशत आबादी मुस्लिमों की है। इनके पूर्वज हमलावरों की क्रूरता के शिकार हुए और अपने परिवार की जीवन रक्षा के लिए इन्होंने मजबूरी में इस्लाम कबूल किया। इसलिए इस सच्चाई को कैसे नकारा जा सकता कि इनके पूर्वज हिन्दू थे। इस प्रकार के सम्प्रदाय और उपासना पद्धति का विकास देश की माटी से होता है, इसलिए भारत का इस्लाम सऊदी अरब का इस्लाम नहीं हो सकता। भारत की सर्वव्यापी संस्कृति के विचार प्रवाह के साथ ही भारत के मुस्लिमों को चलना होगा, क्योंकि उनका जिन्स और हिन्दुओं का जिन्स समान है, जो इस खून के रिश्ते को तोड़कर भारत के मुस्लिमों को देश की माटी से अलग करना चाहते हैं, वे छद्म देशद्रोही हैं, उनकी कोशिशों को विफल करना, हर देशभक्त मुसलमान का दायित्व है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब आतंक फैलाने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई की बात करते हैं, तो उसमें यह कभी नहीं देखते कि यह हिन्दू है या फिर मुसलमान। जो गलत करेगा, उसे गलती की सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन कुछ राजनीतिक दल के नेता इसे हिन्दू-मुसलमान की दृष्टि से देखने की कुचेष्टा करते हैं। यही मानसिकता समाज को तोड़ने का कार्य कर रही है। योगी सरकार सभी को समान दृष्टि से देखती है और सरकारी योजनाओं का लाभ भी बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है। जबकि इससे पूर्व सपा की सरकार में हिन्दुओं का तिरस्कार किया गया। अगर मुख्यमंत्री योगी अपराध को समाप्त करने की बात करते हैं तो इसमें मुसलमान कहां से आ गया। यह भेद सपा और कांग्रेस करती होगी, लेकिन योगी की नजर में किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं है। लेकिन मुसलमानों में कुछ लोग ऐसे हैं जो भारतीय समाज को एकजुट नहीं देखना चाहते हैं। असदुद्दीन औवेसी हों और ऐसे ही और कोई, ये सब समन्वय की दृष्टि से कही गई बात के विरोध से बयानबाजी करते हैं। औवेसी सच्चाई को भी राजनीति के खून से रंगने में ये चतुर हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश चुनाव में उन्होंने मुस्लिम प्रभावित क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े किए थे, लेकिन मुस्लिम जनता ने ही उन्हें नकार दिया। देश की एकता व अखंडता को बरकरार रखने के लिए हिन्दुस्तान का हर युवा अब पाकिस्तान की यह कुत्सित चाल समझ चुका है। साथ ही वह भी अब राष्ट्रीय विकास की धारा से जुड़ना चाहता है। इसलिए अब उनकी यह चाल ज्यादा सफल नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मोहसिन रजा स्पष्ट कहते हैं कि भाजपा में मुसलमानों का जितना सम्मान है, उतना किसी अन्य दल में नहीं है। यह सही है कि अन्य राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को केवल भय दिखाकर वोट के रूप में प्रयोग किया। वर्तमान में देश का मुसलमान इस सत्य को समझ चुका है और वह भी सबका साथ सबका विकास के भाव को अंगीकार करके अपना विकास चाहता है, लेकिन फिर भी मुसलमानों को गुमराह करके इस समन्वय की भावना से दूर करने किए जाने लगे हैं।



**हाल ही में उत्तर प्रदेश चुनाव में उन्होंने मुस्लिम प्रभावित क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े किए थे, लेकिन मुस्लिम जनता ने ही उन्हें नकार दिया। देश की एकता व अखंडता को बरकरार रखने के लिए हिन्दुस्तान का हर युवा अब पाकिस्तान की यह कुत्सित चाल समझ चुका है। साथ ही वह भी अब राष्ट्रीय विकास की धारा से जुड़ना चाहता है। इसलिए अब उनकी यह चाल ज्यादा सफल नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मोहसिन रजा स्पष्ट कहते हैं कि भाजपा में मुसलमानों का जितना सम्मान है, उतना किसी अन्य दल में नहीं है। यह सही है कि अन्य राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को केवल भय दिखाकर वोट के रूप में प्रयोग किया**

## क्या कहा नुपुर ने जो इतना बवाल हो गया?

डॉ उमेश प्रताप वत्स

**अधिकतर** समाचार पत्र भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा के ब्यान को लेकर, उसके ब्यान के विरोध में लामबदं बुद्धिजीवी, हिंसा प्रदर्शन, पत्थरबाजी और कठमुल्लाओं द्वारा दी जा रही धमकियों से भरे पड़े हैं। आम नागरिक अभी तक अनजान है कि नुपुर शर्मा ने ऐसा क्या कह दिया कि पूरे देश में जो इतना बवाल मचा हुआ है। बहुत खोजबीन के बाद यही सामने आता है कि मौलाना और उनके अनुयायियों का आरोप है कि नुपुर शर्मा ने उनके नबी की शान में गुस्ताखी की है। जब तक नुपुर को गिरफतार नहीं किया जायेगा वे किसी कानून को नहीं मानेंगे और इसी तरह देश को पत्थरबाजी व आग के हवाले करते रहेंगे। नुपुर ने जो ब्यान दिया, वह किन परिस्थितियों में दिया, क्या ब्यान दिया, मनघडंत ब्यान था या तथ्यात्मक, इन सब बिंदुओं पर भी चर्चा होनी चाहिए थी जो नहीं हुई। नुपुर शर्मा कोई बड़बोली नेता नहीं हैं और ना ही तथ्यहीन बहस करने वाली प्रवक्ता है अपितु एबीवीपी कार्यकर्ता के नाते संघर्ष का लंबा अनुभव है और एडवोकेट होने के साथ-साथ बहुत ही सुलझी हुई प्रतिभाशाली नेता है। बचपन से ही तेज और प्रखर स्वभाव की नूपुर शर्मा ने अपनी प्रारम्भिक पढ़ाई दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) से की। अपनी स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद नूपुर ने दिल्ली युनिवर्सिटी के हिन्दू कॉलेज से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की। आपको बता दें की नूपुर ने स्नातक में अर्थशात्र में (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की है। इसके बाद नूपुर ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से मास्टर ऑफ लॉ किया। पेशे से वकील नूपुर शर्मा दिल्ली के हाई कोर्ट में अपनी प्रैक्टिस करती है। वर्ष 2008 में नूपुर ने कॉलेज में रहते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की तरफ से दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन (डीयूएसयू) का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष पद के लिए चुनी गयीं। इसके बाद 2010 में छात्र राजनीति में रहते हुए भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा में काफी सक्रिय रहीं। जिसके बाद 2015 में नूपुर बीजेपी से जुड़ने के बाद पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाई गई। नुपुर पर जो आरोप लगाया गया है कि उसके द्वारा पैगम्बर मोहम्मद के खिलाफ तथाकथित अवांछनीय टिप्पणी की गई है, जिस कारण मुस्लिम समाज ने इस ब्यान के प्रति नाराजगी जताई है। नाराजगी जताना सबका अधिकार है किंतु यहां मात्र नाराजगी जाहिर नहीं की गई अपितु नुपुर का सिर कलम करने की घोषणा हुई, सिर कलम करने वाले के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशी रखी गई। परिवार का सामूहिक बलात्कार करने की धमकी दी गई। सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से एक लाख से अधिक धमकी नुपुर की सोशल वॉल पर वायरल है।

# बड़ी चुनौती: बढ़ता रेगिस्तान और सूखा

ललित गर्ग

वर्ष 1995 से प्रत्येक साल विश्व के विभिन्न देशो में 17 जून को विश्व रेगिस्तान एवं सूखा रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग से बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देना है एवं भविष्य में रहने के लिये भूमि, पर्यावरण एवं जल आदि समस्याओं के लिये सतर्क करना है। मरुस्थलीकरण तब होता है जब उपजाऊ भूमि मानव गतिविधि के माध्यम से मिट्टी के अत्यधिक दोहन के कारण शुष्क हो जाती है। किसी ग्रह के जीवन चक्र के दौरान मरुस्थल स्वाभाविक रूप से बनते हैं, लेकिन जब मानव के अति दोहन एवं प्रकृति के प्रति उपेक्षा के कारण मिट्टी में पोषक तत्वों की भारी और अनियंत्रित कमी होती है, तो यह मरुस्थलीकरण की ओर ले जाता है। वहीं बढ़ती विश्व जनसंख्या के कारण रहने के लिए अधिक भूमि की आवश्यकता होती है। साथ ही मनुष्यों और जानवरों दोनों के लिए भोजन एवं पानी की मांग बढ़ जाती है। इन मांगों और आवश्यकताओं को पूरा करने अच्छी उपजाऊ भूमि का संयम एवं विवेकपूर्वक उपयोग जरूरी है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर विश्व-जन का ध्यान आकर्षित करने और सूखे और मरुस्थलीकरण का दंश झेल रहे देशों मरुस्थलीकरण रोकथाम कन्वेंशन के कार्यान्वयन के लिए विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की।

मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस का उद्देश्य सभी स्तरों पर मजबूत व सामुदायिक भागीदारी और सहयोग में निहित है। यह दिन मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे के मुद्दों और इससे निपटने के तरीके के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए आयोजित किया जाता है। विश्व स्तर पर, 23 प्रतिशत भूमि अब उत्पादक नहीं है, वहीं 75 प्रतिशत में ज्यादातर भूमि को कृषि के लिए उसकी प्राकृतिक अवस्था से बदल दिया गया है। हालांकि, वर्तमान में भूमि उपयोग में यह परिवर्तन मानव इतिहास में किसी भी समय की तुलना में काफी तेज गति से हो रहा है, और पिछले 50 वर्षों में इसमें तेजी आई है। इसीलिये रेगिस्तान या मरुस्थल के रूप में बंजर, शुष्क क्षेत्रों का विस्तार होता जा रहा है, जहाँ वनस्पति नहीं के बराबर होती है, यहाँ केवल वही पौधे पनप सकते हैं, जिनमें जल संचय करने की अथवा धरती के बहुत नीचे से जल प्राप्त करने की अद्भुत क्षमता हो। इस क्षेत्र में बेहद शुष्क व गर्म स्थिति किसी भी पैदावार के लिए उपयुक्त नहीं होती है। वास्तविक मरुस्थल में बालू की प्रचुरता पाई जाती है। मरुस्थल कई प्रकार के हैं जैसे पथरीले मरुस्थल में कंकड़-पत्थर से युक्त भूमि पाई जाती है। इन्हें अल्जीरिया में रेग तथा लीबिया में सेरिर के नाम से जाना जाता है। चट्टानी मरुस्थल में चट्टानी भूमि का हिस्सा अधिकाधिक होता है। इन्हें सहारा क्षेत्र में हमादा कहा जाता है। राजस्थान प्रदेश में थार का रेगिस्तान दबे पांव अरावली पर्वतमाला की दीवार पार कर पूर्वी राजस्थान के जयपुर, अलवर और दौसा जिलों की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के राजस्थान में चल रहे प्रोजेक्ट में ऐसे संकेत मिल रहे हैं। अब तक 3000 किमी लंबे रेगिस्तानी इलाकों को उत्तर प्रदेश, बिहार और प. बंगाल तक पसरने से अरावली पर्वतमाला रोकती है। कुछ वर्षो से लगातार वैध-अवैध खनन के चलते कई जगहों से इसका सफाया हो गया है। उन्हीं दरारों और अंतरालों के बीच से रेगिस्तान पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ चला है। यही स्थिति रही तो आगे यह हरियाणा, दिल्ली, यूपी तक पहुंच सकता है। लगातार बढ़ रहा रेगिस्तान एक गंभीर चिन्ता का विषय है। भूमि और सूखा एक जटिल और व्यापक सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों के साथ प्राकृतिक खतरे के अतिक्रमण के अलावा किसी भी अन्य प्राकृतिक आपदा की तुलना में अधिक लोगों की मृत्यु और अधिक लोगों को विस्थापित करने के लिए जाना जाता है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि 2025 तक, 1.8 बिलियन लोग पूर्ण रूप से पानी की कमी का अनुभव करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दूसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। कुशल राजनीतिक की तरह वे जुझारू किसान एवं पर्यावरणविद की भांति धरती पर मंडरा रहे खतरों एवं बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये जागरूक हुए हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने भारत 2030 तक 2.1 करोड़ हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 2.6 करोड़ हेक्टेयर किया है, इससे पर्यावरण की रक्षा तो होगी कि ऊपजाऊ भूमि का भी विस्तार होगा। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत भी चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते? मरुस्थलीकरण का विस्तार और प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। इन संसाधनों का अंधाधुंध दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ये संसाधन धीरे-धीरे समाप्त होने की कगार पर हैं। इस जटिल होती समस्या की ओर प्रधानमंत्री का चिन्तीत होना एवं कुछ सार्थक कदम उठाने के लिये पहल करना मरुस्थल को उपजाऊ भूमि में बदलने की नयी संभावनाओं को उजागर करता है। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं एवं भूमि की उत्पादकता कम होती जा रही है, पानी की कमी हो रही है। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब देश के लिए सबसे बडे.खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना एवं कराना ही विश्व रेगिस्तान तथा सूखा रोकथाम दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

वन क्षेत्र का लगातार खत्म होना भी इसकी एक बड़ी वजह है लेकिन सबसे बड़ी वजह है निर्माण क्षेत्र का अराजक व्यवहार। शहरीकरण की तेज प्रक्रिया में इधर खेतों में कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। कहीं कॉलोनियां बसाने के लिए झीलों, नदियों तक को पाट दिया गया, कहीं जमीन के बड़े हिस्से पर सीमेंट और रेत भर दी गई जिससे उसकी धरती बांझ होती जा रही है। नदियों से दूर बसी कॉलोनियों को भू-जल पर आश्रित छोड़ दिया गया, जिसके लगातार दोहन से हरे-भरे इलाके भी मरुस्थल बनने की ओर बढ़ गए। सरकार अगर सचमुच जमीन को उपजाऊ बनाना चाहती है तो उसे कंस्ट्रक्शन सेक्टर को नियंत्रित करना होगा।

लेकिन इस दिशा में एक कदम भी आगे बढ़ाने के लिए हमें विकास प्रक्रिया पर ठहरकर सोचने के लिए तैयार होना होगा। बात तभी बनेगी जब सरकार के साथ-साथ समाज भी अपना नजरिया बदले।

# क्या फिर धधक रही है किसान आंदोलन की चिंगारी ?

निर्मल रानी

सरकार इन दिनों अपने बेलगाम पार्टी प्रवक्ताओं के जहरीले बयानों के चलते अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी शर्मिन्दिगी का सामना कर रही है। साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी शासित विभिन्न राज्यों में सरकार की नयी 'बुलडोजर नीति' के चलते देश के तमाम जाने माने कानूनविद यहाँ तक कि कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश सरकार द्वारा अब तक सैकड़ों आरोपियों के मकानों को जमीं दोज करने जैसे गैर कानूनी व अमानवीय कृत्य लिये भारी आलोचना कर रहे हैं। वहीं इसी बीच किसान आंदोलन की सुगबुगाहट भी पुनः सुनाई देने लगी है। और इस सुबुगाहट की भनक संयुक्त किसान मोर्चे के कई किसान नेताओं की तरफ से तो मिल ही रही है साथ साथ किसानों के अधिकारों के लिये मुखरित होकर बोलने वाले भाजपा नेता व मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयानों से और भी स्पष्ट हो रही है। गत 12 जून ( रविवार ) को राज्यपाल मलिक ने जयपुर में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय जाट संसद' के दौरान हजारों जाट नेताओं की मौजूदगी में किसानों के पक्ष में तथा केंद्र सरकार व सरकार हितैषी उद्योगपतियों के विरुद्ध जिन शब्दों का प्रयोग किया उससे तो यहाँ तक स्पष्ट हो गया कि यदि किसान आंदोलन शुरू हुआ तो सतपाल मालिक सरकार के विरुद्ध व किसानों के हक में प्रथम पंक्ति में खड़े दिखाई दे सकते हैं। मलिक के अनुसार 'सरकार पर भरोसा नहीं है और किसानों को दूसरी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा'। और यह भी कि 'अगर समय रहते न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून नहीं बनाया तो किसानों और सरकार के बीच भयंकर लड़ाई होगी'। राज्यपाल मलिक ने साफ कहा कि एमएसपी पर शीघ्र कानून नहीं बनने से देश में किसान और सरकार के बीच फिर आरपार होगी । मलिक ने कहा है कि -'मुझे राज्यपाल के पद की चिंता नहीं है, मैं तो अपना इस्तीफा जेब में साथ लेकर घूमता हूं। मैं हमेशा अन्नदाताओं के साथ हूं। आगामी दिनों में भी पूरी तरह से हर लड़ाई में किसानों के लिए समर्पित रहूंगा। मलिक ने यह भी कहा कि किसानों की फसल सस्ते दामों पर खरीद कर महंगे दामों में बेचने के लिए पानीपत में बड़ा गोदाम बनाया गया है। डरने की जरूरत नहीं है,अडानी समूह के ऐसे गोदाम उखाड़ फेंको। किसानों के साथ मैं भी जेल चलूंगा'। उन्होंने कहा कि 'जब तक अडानी-अंबानी पर हमला नहीं होगा तब तक ये नहीं रुकेंगे' । उन्होंने कहा कि 'देश के एयरपोर्ट, रेलवे, शिपयार्ड सरकार के दोस्त अडानी को बेचे जा रहे हैं। हमें देश को बिकने से रोकना होगा' ।मलिक ने सवाल किया कि 'आखिर जब सब बर्बाद हो रहे हैं तो पीएम मोदी बताएं कि ये लोग कैसे मालदार हो रहे हैं '? मलिक ने कहा कि -'मैं हमेशा दो कमरे के मकान में रहा हूं, यही मेरी ताकत है। इसलिए मैं पीएम समेत सबसे पंगा ले सकता हूं। ईडी के डर से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है' । भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत भी कह चुके हैं कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की हितैषी नहीं हैं। इसलिये उन्होंने दिल्ली की जगह लखनऊ में जल्द आंदोलन का ऐलान भी किया है । पिछले दिनों भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने बिजनौर में कहा कि 'केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों को उनकी फसलों के वाजिब दाम न देकर अपनी ऐसी छवि बनाई है गोया वह किसानों की हितैषी नहीं बल्कि किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि इस बार आंदोलन दिल्ली की जगह लखनऊ में किया जाएगा। और हरिद्वार में 16 से 18 जून तक चलने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में इस आंदोलन की तिथि तय की जाएगी। नरेश टिकैत ने कहा कि किसानों को अपना आंदोलन व संघर्ष और बढ़ाना होगा। किसान जल्दी से अपनी खेती के काम निपटा लें। इस बार आंदोलन दिल्ली की जगह लखनऊ में किया जाएगा'। उधर एक ताजातरीन रहस्योद्घाटन में श्री लंका के एक उच्चाधिकारी सिलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड चेयरमैन एम एम सी फर्डिनैंडो ने पब्लिक इंटरप्राइजेज की संसदीय कमेटी की एक सुनवाई में कहा कि-' श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने उन्हें कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी 500 मेगावाट वाले विंड पावर प्रोजेक्ट को अडानी ग्रुप को देने के लिए दवाब बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री लंका में पावर प्लांट लगाने हेतु अडाणी को ठेका दिये जाने के लिये लंका सरकार से सिफारिश की थी। इस खुलासे के कुछ घंटों बाद ही उस अधिकारी को अपना बयान वापस लेना पड़ा और दो दिन बाद फर्डिनैंडो को त्याग पत्र भी देना पड़ा। इसी प्रकार 2018 में राफेल लड़ाकू विमान की फ्रांस से की गयी विवादित खरीद के समय भी यह सवाल उठा था कि राफेल विमानों के रखरखाव आदि का ठेका भारत के सरकारी नवरत्न उपक्रम एच ए एल को देने के बजाय अनिल अम्बानी की नव निर्मित डेसॉल्ट रिलायंस एरोस्पेस लिमिटेड को क्यों दिया गया है। रिलायंस डिफेन्स लिमिटेड और डेसॉल्ट एविएशन अनिल अम्बानी का संयुक्त उपक्रम है। रिलायंस को लड़ाकू विमान बनाने का लाइसेंस भी सरकार द्वारा कथित तौर पर रातों रात दिया गया था। उस समय भी आरोप लगा था कि यह एचएएल जैसी बड़ी और सरकारी नवरत्न कम्पनी के देश में होने के बावजूद एक निजी उद्यमी को लाभ देने का यह सरकार का खुला प्रयास है। गौरतलब है कि एचएएल ही भारत की एकमात्र कम्पनी है जो सैन्य विमान बनाती है।

## क्यों होता है अवैज्ञानिक तरीके से अनाज का भंडारण

ऋतुपर्ण दवे

**देश** में भरपूर अनाज उग रहा है। सुनने में अच्छा लगता है। विडंबना देखिए इसे सुरक्षित रखा जाना क्या कभी किसी की प्राथमिकता में रहा? ऐसा दिखा नहीं! माना यह मानसूनी महीना है। लेकिन अप्रैल और मई में जहां-तहां खुले आसमान तले रखा लाखों टन गेहूं बेमौसम बारिश से भीग गया। इसकी सही मात्रा का अंदाजा मुश्किल है। बस यही खेल है। इसे समझना होगा। देशभर से मिली तबाही की तस्वीरों, वीडियो, समाचारों की कतरनों, क्लिपिंग्स सबने देखीं। लेकिन न तब और न अब बारिश में अनाज को खुले में रखने और भीगने से बचा पाना रुक पाया। मानसून धीरे-धीरे बांहें फैला रहा है। लेकिन खुले में रखा अनाज कहां हट रहा है? बस यही वो तिलिस्म है जो किसानों की मेहनत पर पानी फेरता है और हम हैं कि सिवाय बेचारे सरकारी सिस्टम को क्लीनचिट देता देख संतोष करने के और कुछ कर भी नहीं पाते। जगजाहिर है कि न तो तूफान, न मौसम-बेमौसम बारिश रुकी है, न रुकेगी, न कोई रोक पाएगा। रुक सकता है तो खुले आसमान के नीचे पॉलिथिन की पन्नियों में ढककर भंडारण की बदहाल और भ्रष्ट व्यवस्था। यदि ऐसा हुआ तो सही खरीद, भंडारण के आंकड़ों का हेरफेर कैसे हो पाएगा? आंकड़ों की बाजीगीरी बेनकाब नहीं हो जाएगी? एकाएक बारिश आई, इतना अनाज भीग गया, सड़ गया, बह गया का वो अकाट्य तर्क कहां जाएगा जिसका न कोई इलाज था न है न होगा! यह मानसून का दौर है लेकिन गर्मी में मौसम बिगड़ना, बारिश हो जाना अब बेहद आम है। बीते कुछ दशकों से तमाम पर्यावरणनीय विक्षोभ तस्दीक भी करते हैं। सड़ांध मारती अनाज भंडारण व्यवस्था या लीपापोती का जुगाड़ जो भी कहें, हर बार हजारों मीट्रिक टन अनाज खुले आसमान के नीचे भीगकर ऐसा खराब होता है कि पशुओं का निवाला तक नहीं बन पाता। जिम्मेदार बड़ी ही आसानी से सारा दोष बारिश के मत्थे मढ़ बच या बचाए जाते हैं जो खुद बुलाई आपदा के वास्तविक दोषी हैं।

## प्राग मास्टर्स शतरंज - हरीकृष्णा दूसरे स्थान पर पहुंचे

**प्राग।** प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छह राउंड के बाद भारत के पेंटाला हरीकृष्णा अब दूसरे स्थान पर सरक गए है जबकि वियतनाम के ले कुयांग लिम अब एकल बढ़त बनाने मे सफल हो



गए है । राउंड 5 और 6 में हरीकृष्णा नें क्रमशः चेक गणराज्य के डेविड नवारा और वान थाई डाई से अपनी बाजी ड्रॉ खेली जबकि कुयांग लिम नें स्पेन के डेविड अंटोन से बाजी ड्रॉ खेली और यूएई के सलेम सालेह को पराजित करते हुए हरीकृष्णा को आधे अंक से पीछे छोड़ते हुए 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त हासिल कर ली है । वहीं प्रतियोगिता के टॉप सीड भारत के विदित गुजराती अभी भी अपनी पहली जीत को तलाश कर रहे है और लगातार 5 बाज़ियाँ ड्रॉ खेल चुके है । पांचवें राउंड में उन्होने ईरान के परहम मघसूदलू तो छठे राउंड में चेक गणराज्य के डेविड नवारा से अंक बांटा । विदित फिलहाल 2.5 अंक बनाकर आठवे स्थान पर चल रहे है ।

## परमजीत, मनप्रीत को एशिया ओशियाना पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालिफ्टर परमजीत कुमार और मनप्रीत कौर ने दक्षिण कोरिया में चल रही 2022 एशिया ओशियाना ओपन चैम्पियनशिप में अपने अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते। कुमार ने




अपने तीसरे प्रयास में 163 किलो वजन उठाकर पुरूषों के 49 किलो ओपन फाइनल में कांस्य पदक हासिल किया। वह जोर्डन के उमर करादा और वियतनाम के ली वान कोंग से पीछे रहे। मनप्रीत ने महिलाओं के 41 किलोवर्ग में 88 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। तोक्यो पैरालम्पिक की चैम्पियन गुओ लिंगलिंग और रजत पदक विजेता नि एन विडियासिह ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।

## महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा के पूरे उपाय कर रही है सरकार : खेलमंत्री ठाकुर



**नई दिल्ली।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिये हरसंभव उपाय कर रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों को जारी निर्देश में टीम के साथ एक महिला कोच का होना अनिवार्य कर दिया है। ठाकुर ने कहा- डोपिंग और महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान खेलो इंडिया युवा खेलों और विश्वविद्यालय खेलों में शुरू किया गया।

उन्होंने यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर विश्व स्तरीय छह स्क्वाश कोर्ट के उद्घाटन समारोह से इतर कहा- महिला सुरक्षा को लेकर हमने दिशा निर्देश ही जारी नहीं किये हैं बल्कि इन्हें हर खिलाड़ी तक पहुंचायेंगे ताकि उनकी जानकारी में रहे और वे खुद की और अपनी गरिमा की रक्षा कर सकें। हाल ही में दो महिला खिलाड़ियों ने कोचों द्वारा प्रताड़ित किये जाने की शिकायत की थी ।

# घरेलू सरजमीं पर एशियाई कप खेलना शानदार होगा, 'फॉर्म के शिखर' पर हूं : सुनील छेत्री

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि टीम घरेलू सरजमीं पर एएफसी एशिया कप खेलना पसंद करेगी और साथ ही इस स्टार फॉरवर्ड ने माना कि वह 37 साल की उम्र में 'फॉर्म के शिखर' पर हैं। भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने रात हांगकांग को 4-0 से हराकर 2023 एएफसी एशियाई कप फाइनल्स के लिये क्वालीफाई किया और इस मुकाबले के लिये सॉल्ट लेक स्टेडियम भरा हुआ था। तेज बारिश के बावजूद अंतिम क्वालीफाइंग मैच में इतने दर्शकों की उपस्थिति से प्रभावित छेत्री ने भारत में फाइनल्स खेलने की इच्छा जाहिर की। भारत ने इतिहास में पहली बार लगातार दूसरी बार एशियाई कप के लिये क्वालीफाई किया। उन्होंने कहा- हम जिस तरह की फॉर्म में हैं, हम घरेलू मैदान पर खेलना पसंद करेंगे। जिस तरह से दर्शक मैच देखने आ रहे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं, उसे देखते हुए यहां खेलना शानदार होगा।

एशियाई कप फाइनल्स अगले साल चीन में होना था, लेकिन देश में कोविड-19 हालात को देखते हुए उसने मेजबानी से हटने का फैसला किया था। भारत ने एशियाई कप के तीसरे दौर के क्वालीफायर में कंबोडिया और अफगानिस्तान पर जीत के बाद ग्रुप डी में हांगकांग पर शानदार जीत दर्ज की। सभी मैच सॉल्ट



लेक स्टेडियम में खेले गये, जहां भारत दो साल से ज्यादा समय बाद खेल रहा था। छेत्री ने तीन मैच का अभियान खत्म होने के बाद राष्ट्रीय टीम में उभरते हुए युवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा- बच्चे शानदार हैं, वे बच्चे कहने के लिये शायद मुझे (हंसते हुए) मार ही डालेंगे, लड़के शानदार हैं। हमारे ड्रेसिंग रूम में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का सही संयोजन हैं। छेत्री ने कहा- टीम में लिस्टन कोलासो और सुरेश वांगजाम के साथ आकाश मिश्रा और रोशन सिंह शानदार हैं।

उन्होंने कहा- हां, काफी युवा खिलाड़ी आ रहे हैं और इशान पंडिता ट्रेनिंग में शानदार हैं और आज उसका प्रदर्शन आपने देखा। इशान ओर सहल (अब्दुल समद) दो खिलाड़ी हैं जो इस तरह के प्रदर्शन के हकदार हैं। छेत्री ने मैच में दूसरा गोल दागा था जबकि अनवर अली, मनवीर सिंह और इशान पंडिता ने भी स्कोरशीट में अपने नाम लिखवाये।

छेत्री 2011 और 2019 के बाद अपने तीसरे एशियाई कप टूर्नामेंट के फाइनल्स में खेलने को तैयार हैं। वह 37 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन इस स्ट्राइकर को लगता है कि वह अब अपनी फॉर्म के शिखर पर हैं। उन्होंने कहा-अब मैं फॉर्म के शिखर में पहुंच रहा हूं। पिछला एशियाई कप बीत चुका है। हम कड़ी मेहनत करना चाहते हैं। यह मायने नहीं रखता कि अगले बड़े टूर्नामेंट में मैं खेलूंगा या किसी और को मौका मिलेगा लेकिन भारत को एशियाई कप में होना चाहिए। मैं पहले ही यह कह चुका हूं।

## रूसी और बेलारूस के खिलाड़ियों को बड़ी राहत, यूएस ओपन में ले सकेंगे हिस्सा

**वाशिंगटन ।** अमरीका टेनिस संघ (यूएसटीए) ने रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। यूएसटीए ने जारी बयान में कहा, 'यूएसटीए यूएस ओपन 2022 में रूस और बेलारूस के व्यक्तिगत एथलीटों को एक तटस्थ ध्वज के तहत हिस्सा लेने की अनुमति देगा।'

यूक्रेन पर रूस के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद रूसी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के आयोजनों और खेल जगत में कई अन्य आयोजनों से प्रतिबंधित कर दिया गया था। बेलारूस ने इस सैन्य अभियान का समर्थन किया था इसलिए बेलारूसी खिलाड़ियों पर भी समान प्रतिबंध लगाया गया था। यूएसटीए ने बयान में कहा कि वह यूक्रेन में रूस के अकारण और अन्यायपूर्ण आक्रमण की 'निंदा करना जारी रखता' है।

बयान में कहा गया, 'यूएसटीएफ अन्य टेनिस संस्थाओं के साथ खड़े होकर,



आईटीएफ से और सभी अंतरराष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं से रूसी और बेलारूसी टेनिस संघों पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन करता है। इसी के साथ संघ सभी अंतरराष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं के बाहर प्रतिस्पर्धा करते समय उन देशों के खिलाड़ियों के लिए तटस्थ ध्वज के तहत खेलने के निर्देश का भी समर्थन करता है।' यूएसटीए ने कहा कि अपनी परिस्थितियों क ध्यान में रखते हुए वह हर राष्ट्रीयता के पात्र खिलाड़ियों को 2022 यूएस ओपन में हिस्सा लेने की अनुमति देगा। अप्रैल में, 27 जून से शुरू होने वाले प्रमुख ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट विंबलडन ने दोनों देशों के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने के फैसले की घोषणा की थी। पुरुष और महिला पेशेवर टेनिस के शासी निकायों एटीपी और डब्ल्यूटीए ने विंबलडन के कदम को 'अनुचित' करार दिया था।

## टीम में जगह ना मिलने से छलका राहुल तेवतिया का दर्द, कही यह बात

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आयरलैंड के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बीसीसीआई ने इस सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया गया है। वहीं संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव की वापसी हुई है।

इसी के साथ ही राहुल त्रिपाठी को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। हालांकि इस दौरान राहुल तेवतिया को टीम में जगह नहीं मिली और इसे लेकर उनका दर्द छलका है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है।

तेवतिया ने ट्विटर पर लिखा, 'उम्मीदें आहत हुई हैं।' तेवतिया ने आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटन्स के लिए फिनिशर की भूमिका निभाई और टीम को खिताब दिलाने में अहम पारियां भी खेली। तेवतिया ने आईपीएल 2022 में कुल 16 मैचों में 147.62 की स्ट्राइक से कुल 217 रन बनाए। पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले



में तेवतिया ने मैच की आखिरी दो गेंदों पर छक्का लगाकर टीम को जीत भी दिलाई थी।

**आयरलैंड दौरे के लिए भारत की टी20 टीम**

हार्दिक पंड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उप-कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई , हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

**भारत के खिलाफ आयरलैंड की टी20 टीम**

एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहेनी, जोश लिटिल, एंड्रयू मैकब्राइन, बैरी मैककार्थी, कॉनर ओल्फर्ट, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, क्रेग यंग।

## भारत का आयरलैंड दौरा, वीवीएस लक्ष्मण को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आयरलैंड के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस 17 सदस्यीय टीम में युवा खिलाड़ियों की भरमार है और इनकी अगवाई हार्दिक पांड्या करेंगे। इसी के साथ ही एक बड़ा बदलाव यह भी देखने को मिलेगा कि मुख्य कोच की जिम्मेदारी वीवीएस लक्ष्मण के कंधों पर होगी। भारत के पूर्व बल्लेबाज और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के वर्तमान प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण आयरलैंड के द्विपक्षीय मैचों के लिए भारत के मुख्य कोच होंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार एनसीए के अन्य कोच साईराज बहुतुले, सितांशु कोटक



और मुनीश बाली सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे।

लक्ष्मण के मुख्य कोच होने का एक कारण यह भी है कि राहुल द्रविड़ अन्य नियमित सपोर्ट स्टाफ भारत की दूसरी टीम के साथ बर्मिंघम टेस्ट के लिए इंग्लैंड दौरे पर पाएंगे। यह टेस्ट पिछले साल कोविड-19 चिंताओं के कारण रद्द कर दिया गया था। रोहित, कोहली, बुमराह जैसे हाई-प्रोफाइल नाम भी उनके साथ जुड़ने और इंग्लैंड में अभ्यास मैच खेलने के लिए तैयार हैं। गौर हो कि यह पहली बार नहीं है जब भारत की दो अलग-अलग टीमों का अलग-अलग सपोर्ट स्टाफ सदस्यों के साथ गठन किया गया है। पिछले साल द्रविड़ को श्रीलंका दौरे के लिए शिखर धवन की अगुवाई वाली युवा भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में भेजा गया था। उस समय पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व में सीनियर भारतीय टीम टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड में थी।

**आयरलैंड दौरे के लिए भारत की टी20 टीम**

हार्दिक पंड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उप-कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई , हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

## सचिन को रेस्टोरैंट खाना खाते आई शेन वॉर्न की याद, शेयर की पोस्ट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर शेन वार्न को दुनिया छोड़े तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन अभी वह क्रिकेट दिग्गजों के जहन में जिंदा है। इसी क्रम में सचिन तेंदुलकर ने शेन वार्न से संबंधी एक पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। सचिन ने इंस्टाग्राम पोस्ट डालकर लंदन के एक रेस्टोरेंट में शेन के साथ खाना खाने के समय को याद किया। उन्होंने अपनी फोटो शेयर कर लिखा- जब मैं इस रेस्टोरेंट में खाना खाने बैठा तो वॉर्न की याद आ गई। मैं और वॉर्न जब भी इंग्लैंड में होते थे तो इसी रेस्टोरेंट के रुका करते थे।बता दें कि इसी साल मार्च की शुरुआत में शेन वॉर्न के अचानक निधन की खबर सामने आई थी। वॉर्न थाईलैंड में अपने घर में मृत पाए गए थे। वह अपने कुछ दोस्तों के साथ थाईलैंड में छुट्टियां मनाने के लिए गए थे। उन्हें वहां बेसुध पाया गया। वॉर्न को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। वार्न क्रिकेट जगत में बड़ा नाम रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 से ज्यादा विकेट ली हैं। ऐसा करने वाले वह पहले गेंदबाज हैं। वॉर्न ने टेस्ट में 708 तो वनडे में 293 विकेट ली हैं। वार्न ने 2007 में अपना आखिरी मुकाबला खेला था।

# अब सड़कों पर लड़कियां खेलती हैं क्रिकेट, यही मेरी प्राप्ति : मिताली राज

**नई दिल्ली।** क्रिकेट से रिटायरमैंट लेने वाली भारतीय पूर्व महिला कप्तान मिताली राज को लगता है कि उन्हें तसल्ली है कि देश में लड़कियां अब सड़क पर क्रिकेट खेलती हुई आम नजर आ रही हैं। मिताली ने अपने करियर पर एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझे किए। क्रिकेट में अपने योगदान पर बेलते हुए उन्होंने कहा कि मुझसे लोग मेरी विरासत के बारे में पूछते हैं लेकिन मेरे पास कोई अच्छा जवाब नहीं है। शायद लड़कियों के सड़कों पर क्रिकेट खेलने और अकादमियों में दाखिला लेने को आम बनाने में मेरी भूमिका रही। जब मैंने खेलना शुरू किया तब यह आम बात नहीं थी।

बीसीसीआई की महिला क्रिकेट को उबारने में भूमिका पर मिताली राज ने कहा- बीसीसीआई की छत्रछाया में आने



के बाद महिला क्रिकेट में पेशेवरपन आया। स्थिरता, सुरक्षा और प्रगति आई। अब खेल होते ही सब पांच सितारा होटलों के कमरों में चले जाते हैं। अधिकांश लड़कियां फोन पर होती हैं। मैं यह नहीं कर रही कि यह गलत है लेकिन समय बदल गया है। टीम में मदभेदों पर उन्होंने कहा- मतभेद होने स्वाभाविक है। सभी अच्छा खेलना चाहते हैं लेकिन सभी की राय अलग होती है।

मिताली ने इस दौरान आरक्षित टिकट के बिना ट्रेन में सफर करने को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अब समय बदल गया है। लेकिन पहले ऐसा नहीं था। मुझे लगता है कि दोनों समय का अपना आकर्षण था। मुझे पहले भी बिना आरक्षित टिकट के सफर करने में मजा आता था। आज भी टीम के साथ सफर करने में मजा आता है। संन्यास की घोषणा पर मिताली बोलीं- पहली बार मेरे दिमाग में संन्यास की बात आई जब राहुल द्रविड़ ने (2012) क्रिकेट को अलविदा कहा था। मैंने वो प्रेस वार्ता देखी थी। यह काफी जज्बाती थी और मुझे लगा कि मैं संन्यास लूंगी तो कैसा लगेगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि इतना भावुक पल नहीं होगा। मुझे यह तो पता था कि विश्व कप मेरा आखिरी होगा लेकिन मैं जज्बात के उतार चढ़ाव के बीच फैसले नहीं लेती।

# विराट कोहली पर शाहिद अफरीदी का तीखा हमला- आराम कर रहे हो या टाइम पास !

**नई दिल्ली।** विराट कोहली को बीसीसीआई ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज से आराम दिया है। विराट इससे पहले भी कई प्रमुख सीरीज से आराम ले चुके हैं। इन्हीं बातों को देखते हुए पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने विराट के समर्पण पर सवाल उठाते हुए तीखे सवाल किए हैं। आईपीएल 2022 में विराट का प्रदर्शन औसत रहा था। इसके बाद उन्हें आगामी सीरीज से आराम दे दिया गया। उनकी प्रतिबद्धता पर पाकिस्तान के एक शो पर सवाल उठे तो अफरीदी ने इसके तल्ख लहजे में जवाब दिए। अफरीदी ने समा टीवी पर कहा कि क्रिकेट में रवैया सबसे ज्यादा मायने रखता है। मैं सबसे ज्यादा उसी के बारे में बात करता हूं। क्या आपका क्रिकेट के प्रति रवैया है या नहीं? कोहली, अपने करियर में पहले, दुनिया में नंबर 1 बल्लेबाज बनना चाहते थे ... क्या वह है अभी भी उसी प्रेरणा के साथ क्रिकेट खेल रहा है? यह बड़ा सवाल है। उसके पास क्लास है। लेकिन क्या वह वास्तव में फिर से नंबर 1 बनना चाहता है? या क्या उसे लगता है कि उसने जीवन में सब कुछ हासिल कर लिया है। अब बस आराम करें और समय



बिताएं? यह सब रवैये के बारे में है। बता दें कि आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए दो महीने के लंबे समय में विराट ने दो अर्धशतकों के साथ 341 रन बनाए। कोहली अभी इंगलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट की तैयारी कर रहे हैं। जल्द ही वह टीम साथियों के साथ इंगलैंड के लिए रवाना भी हो जाएंगे। आईपीएल में उनकी नपीतुली परफार्मेंस के बाद कई क्रिकेट दिग्गजों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी।

# राहुल त्रिपाठी को आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में मिली जगह, हरभजन सिंह ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल 2022 में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले राहुल त्रिपाठी को टीम में जगह दी। त्रिपाठी के राष्ट्रीय टीम में शामिल होने पर भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। टीम इंडिया 26 जून से डबलिन में शुरू होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड से भिड़ेगी।

हरभजन ने ट्वीट करते हुए लिखा, आपके पहले कॉल-अप पर राहुल त्रिपाठी बधाई! अच्छी तरह से योग्य भी, हार्दिक पांड्या को टीम इंडिया की कप्तानी करते देखना पसंद करूंगा। त्रिपाठी का सनराइजर्स हैदराबाद के साथ एक असाधारण आईपीएल सीजन था। उन्होंने अपनी तरफ से खेले 14 मैचों में 37.55 की औसत से 413 रन बनाए। उन्होंने इस सीजन में 76 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर और 158.23 के स्ट्राइक रेट के साथ तीन अर्द्धशतक भी लगाए। वह अपनी टीम की तरफ से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

अपने अब तक के आईपीएल करियर में बल्लेबाज ने राइजिंग पुणे सुपरजायंट, राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व किया है।

उन्होंने अब तक अपने 76 आईपीएल मैचों में 27.66 की औसत से कुल 1,798 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल में अब तक 93 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 10 अर्धशतक लगाए हैं।

**आयरलैंड के खिलाफ भारत की टी20 इंटरनेशनल टीम :**

हार्दिक पांड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उप-कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (wk), युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, हर्षल पटेल, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

## जापान सागर में शक्ति प्रदर्शन कर रहा चीन का विध्वंसक पोत

**बीजिंग।** चीन के सबसे बड़े और सबसे सक्षम युद्धक जहाजों में से एक जहाज जापान सागर में लंबी दूरी के अभ्यास में भाग ले रहा है, जो चीन की बढ़ती नौसैन्य पहुंच को दर्शाता है। सरकारी मीडिया में यह जानकारी दी गई। कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार



'ग्लोबल टाइम्स' की खबर के मुताबिक, टाइप 055 विध्वंसक पोत ल्हासा का यह पहला मिशन है। उसे पिछले साल नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। अखबार ने जापान के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि इसके साथ लुयांग श्रेणी के टाइप 052डी विध्वंसक चेंगदू और टाइप 903 ऑयलर डोंगपिंगू भी हैं। जापान सागर जापानी द्वीपसमूह सखालिन द्वीप, कोरियाई प्रायद्वीप और रूस के सुदूर पूर्वी मुख्य भूभाग के बीच चीन के उत्तरी दिशा में स्थित है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रविवार को नागासाकी में फुकु द्वीप से करीब 200 किलोमीटर पश्चिम में तीन जहाजों को जापान सागर की ओर पूर्व में जाते देखा गया।

चीन की नौसेना बहुत तेज गति से जहाजों का निर्माण कर रही है और अब जंगी पोतों के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है। ऐसा माना जा रहा है कि चीन ने टाइप 055 विध्वंसक पोतों की पहली बैच के पांच पोतों को बेड़े में शामिल कर लिया है। सैन्य विशेषज्ञों के हवाले से 'ग्लोबल टाइम्स' ने बताया कि विध्वंसक पोत ताइवान पर हमले की सूरत में विदेशी हस्तक्षेप को रोकने के मकसद से की गई सैन्य तैयारियों का हिस्सा है।

## भारत में जारी विरोध प्रदर्शनों पर यूएन की हिंसा रोकने की अपील, कहा- धर्म का पूर्ण सम्मान करें

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता ने भारत में किसी भी प्रकार की हिंसा रोकने की अपील की है। उनका यह बयान भारत में दो पूर्व भाजपा नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणी के चलते विरोध प्रदर्शनों और हिंसा की घटनाओं के बीच आया है।



महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि गुटेरस धर्म के पूर्ण सम्मान के पक्ष में हैं। आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भारत में हुई हिंसा को लेकर संयुक्त राष्ट्र के रुख पर उन्होंने कहा कि हमारा रुख धर्म का पूर्ण सम्मान करना, किसी भी तरह के घृणास्पद भाषण और उकसावे के खिलाफ बोलना और किसी भी प्रकार की हिंसा विशेष रूप से धार्मिक मतभेद और नफरत पर आधारित हिंसा को रोकना है।भाजपा ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा को निलंबित कर दिया था। साथ ही दिल्ली मीडिया इकाई के प्रमुख नवीन कुमार को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। मुस्लिम समूहों के प्रदर्शनों के बीच भाजपा ने एक बयान में कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती है और किसी भी धार्मिक शख्सियत के अपमान की कड़ी निंदा करती है। विदेश मंत्रालय ने भी कहा था कि भारत सभी धर्मों का सर्वोच्च सम्मान करता है।

## यूक्रेन को एक अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता देगा अमेरिका, राष्ट्रपति बाइडन जल्द करेंगे एलान

**वाशिंगटन** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जल्द ही यूक्रेन को एक अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद मुहैया कराने का एलान कर सकते हैं। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। माना जा रहा है कि इसके जरिए अमरेकिा पूर्वी डोनबास क्षेत्र में रूस का मुकाबला करने में यूक्रेन की मदद कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद से हथियारों और उपकरणों की यह सबसे बड़ी एकल खेप होगी। अधिकारियों ने कहा कि इस सहायता सामग्री में पोत विध्वंसक मिसाइल लॉन्चर, हॉवित्जर और अन्य आयुध सामग्री होगी। इस सहायता की घोषणा की बात ऐसे समय आई है जब अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन के लिए समर्थन पर चर्चा करने के वास्ते 45 से अधिक देशों की ब्रसेल्स में एक बैठक बुलाई। बैठक की शुरुआत में, ऑस्टिन ने कहा कि पश्चिम को यूक्रेन के लिए हथियारों की आपूर्ति में तेजी लानी चाहिए।

# मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख व रिजिजू ने गदेन मठ में भगवान बुद्ध के अवशेषों को दी श्रद्धांजलि

**मंगोलिया:** मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख ने भारतीय केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू के साथ गंदन मठ का दौरा किया और पवित्र कपिलवस्तु अवशेषों पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भगवान बुद्ध के मंगोलिया के पवित्र अवशेषों का भी सम्मान किया जिन्हें कपिलवस्तु अवशेषों के साथ रखा गया है। मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख ने कहा कि पवित्र बुद्ध के अवशेषों को मंगोलिया लाने का विशेष संकेत भारत और मंगोलिया के बीच आध्यात्मिक संबंध का प्रमाण है। मंगोलिया के लोगों की ओर से राष्ट्रपति ने प्रदर्शनी को मंगोलिया के लोगों के प्रति एक महान प्रतीक के रूप में आयोजित करने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत ने कोविड महामारी के दौरान कई देशों की मदद की और आज मंगोलिया के लोगों को खुश देखकर उन्हें प्रसन्नता हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि जन-जन के बीच संपर्क के साथ-साथ भारत और मंगोलिया के बीच आर्थिक संबंध भी एक नया आकार ले रहे हैं। श्री किरेन रिजिजू ने कहा, ÷मैं चाहता हूं कि अधिक से अधिक भारतीय इस खूबसूरत देश की यात्रा करें और निकट भविष्य में जन-जन के बीच जुड़ाव बढ़े। मंगोलिया के राष्ट्रपति ने भारत की सराहना करते हुए कहा कि यह पहला देश था जिसने हमें वैक्सीन दी और कोविड महामारी में मदद की और तेजी से मदद के कारण हजारों




मंगोलियाई लोगों की जान बचाई जा सकी। उन्होंने कहा कि मंगोलिया में भारत द्वारा बनाई जा रही तेल रिफाइनरी भारत और मंगोलिया के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों का प्रतीक है और भारत मंगोलिया का सबसे विश्वसनीय साझेदार और उसका तीसरा पड़ोसी देश है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लाना द्विपक्षीय संबंधों को समृद्ध करने का एक शानदार तरीका है। इस अवसर पर मंगोलिया में भारतीय राजदूत मोहिंदर प्रताप सिंह ने कहा कि बकुला रिनपोचे भगवान बुद्ध की गहन शिक्षाओं को बहुत ही सरल तरीके से प्रस्तुत करने में सक्षम थे। उन्होंने यह भी कहा कि यह दुर्लभ क्षण है जब बुद्ध दिवस पर भारत और मंगोलिया के बुद्ध के अवशेष एक साथ प्रदर्शित किए जाते हैं।

**कुशोक बकुला रिनपोचे के नाम पर डाक टिकट जारी**

बाद में दिन में, मंगोलिया के विदेश मामलों के स्टेट सेक्रेटरी अंकबयार न्यामदोर्ज और मंगोलिया में भारतीय राजदूत एम.पी. सिंह द्वारा किरेन रिजिजू, मंगोलिया के पूर्व राष्ट्रपति श्री एन एनखबयार और गंदन मठ के खंबा नोमुन खान की उपस्थिति में कुशोक बकुला रिनपोछे पर डाक टिकट जारी किया गया। डाक टिकट रिलीज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि कुशोक बकुला रिनपोचे के नाम पर डाक टिकट जारी करना भारत और मंगोलिया के लिए एक साथ उनकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा में एक निर्णायक क्षण है और यह न केवल मंगोलिया में बल्कि भारत में भी गूंजेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह मंगोलिया के लिए रिनपोचे द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को उजागर करने और भारत और मंगोलिया के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगा।

## ब्रिक्स देशों के एनएसए ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े नये खतरों और चुनौतियों पर की चर्चा

**बीजिंग।** ब्रिक्स के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने गहन विचार-विमर्श करके बहुपक्षवाद एवं वैश्विक शासन को मजबूत करने जैसे मुद्दों तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े नये खतरों और चुनौतियों से निपटने को लेकर आम सहमति जताई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उच्च प्रतिनिधियों की 12वीं बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शामिल हुए। डोभाल ने पांच देशों के इस समूह की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए बिना किसी आपत्ति के आतंकवाद के खिलाफ सहयोग मजबूत करने का आह्वान किया। समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक, बैठक में नये मोर्चों पर शासन को बेहतर तथा मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई। सभी पक्षों ने 14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सार्थक नतीजों के लिए काम करने की तत्परता जतायी।

बैठक में आतंकवाद विरोध और साइबर सुरक्षा पर कार्यकारी



समूह के काम की समीक्षा की, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोध और साइबर सुरक्षा सहयोग के लिए योजनाओं तथा रूपरेखों को संयुक्त रूप से बढ़ावा देने पर सहमति जतायी। अधिकारियों ने अधिक समावेशी, प्रतिनिधित्व करने वाले और लोकतांत्रिक वैश्विक इंटरनेट शासन व्यवस्था का आह्वान किया। चीन इस साल ब्रिक्स देशों का अध्यक्ष है और उसे पांच सदस्यीय इस संगठन के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी है। ब्रिक्स का वर्चुअल सम्मेलन 23 और 24 जून को होना है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक यांग जिएची ने अपने संबोधन में मौजूदा वैश्विक सुरक्षा मुद्दों से निपटने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा की गयी वैश्विक सुरक्षा पहल (जीएसआई) पर जोर दिया। यांग ने कहा कि ब्रिक्स का जन्म उभरते बाजारों और विकासशील देशों की सामूहिक वृद्धि के एतिहासिक ज्वार में हुआ तथा यह वैश्विक प्रवृत्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की दिशा दर्शाता है।

डोभाल ने महामारियों और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के खिलाफ सहयोग जारी रखने की आवश्यकता के बारे में भी बात की। उन्होंने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), अंतरिक्ष और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग को महत्व देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा आईसीटी के इस्तेमाल को रोकने की आवश्यकता है। डोभाल ने 'लचीली और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला' होने के महत्व पर भी जोर दिया।

## यूएस रक्षा विभाग में भारतवंशी को मिली बड़ी जिम्मेदारी , बाइडेन ने राधा अयंगर को पेंटागन के शीर्ष पद पर किया नामित



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी राधा अयंगर प्लंब को पेंटागन के एक शीर्ष पद के लिए नामित किया है। प्लंब अभी रक्षा उपमंत्री की चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में सेवाएं दे रही हैं। प्लंब को 'डिफेंस फॉर ऐक्विजिशन एंड सस्टेनमेंट' के उप अवर सचिव के पद के लिए नामित किया गया।

चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, राधा अयंगर गूगल में विश्वास एवं सुरक्षा के लिए अनुसंधान एवं अंतर्दृष्टि की निदेशक थीं और व्यापार विश्लेषण, डेटा विज्ञान तथा तकनीकी अनुसंधान संबंधित टीम का नेतृत्व करती थीं।वह फेसबुक में ग्लोबल हेड ऑफ पॉलिसी एनालिसिस के रूप में भी सेवाएं दे चुकी हैं, जहां उन्होंने उच्च जोखिम/उच्च नुकसान, गंभीर एवं महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों से जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिए काम किया। उन्होंने रक्षा मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय और व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर कई वरिष्ठ पदों पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।

## भारत को संक्रामक रोगों के खतरों से निपटने के लिए 12.2 करोड़ डॉलर मदद देगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत के तीन शीर्ष चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों को महामारियों को रोकने, बीमारी के खतरों का जल्द पता लगाने और तेजी के साथ प्रभावी कदम उठाने के लिए करीब 12.2 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद देने की घोषणा की है। अमेरिका 12,24,75,000 डॉलर की कुल धनराशि, तीन शीर्ष भारतीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थानों- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान



को पांच साल की अवधि में दी जाएगी। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कोष एक ऐसा भारत बनाने में मदद करेगा, जो संक्रामक रोगों के खतरों के लिहाज से सुरक्षित होगा। सीडीसी के मुताबिक इस मदद से आईसीएमआर संस्थानों को उभरते और फिर से उभरते रोगजनकों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इसके प्रमुख उद्देश्यों में स्वास्थ्य आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से 'जूनोटिक' रोग के प्रकोप का पता लगाना तथा उसे नियंत्रित करना, टीका सुरक्षा निगरानी प्रणाली का मूल्यांकन करना, महामारी में जन स्वास्थ्य कार्यबल की क्षमता बढ़ाना तथा उससे निपटना आदि शामिल है।

## कोलंबिया जिले ने सऊदी दूतावास के सामने वाली सड़क का नाम बदल कर 'जमाल खशोगी वे' किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की सऊदी अरब यात्रा से करीब एक महीने पहले, कोलंबिया जिले (डीसी) ने सऊदी दूतावास के सामने वाली सड़क का नाम बदल कर 'जमाल खशोगी वे' कर दिया गया है। पत्रकार खशोगी (59) दो अक्टूबर 2018 को इस्तांबुल में सऊदी अरब वाणिज्य दूतावास में प्रवेश करने के बाद गायब हो गए थे। उसके बाद उनकी हत्या की बात सामने आई थी।

डीसी काउंसिल के सदस्यों की उपस्थिति में, दूतावास के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने 'जमाल खशोगी वे' चिह्न का अनावरण किया गया। डीसी काउंसिल ने एक ब्लॉक खंड का नाम खशोगी के नाम पर रखने के लिए सर्वसम्मति से पिछले साल के अंत में मतदान किया था।

सऊदी अरब के दूतावास को इस संबंध में ई-मेल भेजा गया, लेकिन उसने मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। अरब समर्थक विश्व लोकतंत्र संगठन 'डीएडब्ल्यूएन' की कार्यकारी निदेशक सारा लीह व्हिटसन ने कहा, '' हम छिप रहे लोगों को यह याद दिलाना चाहते हैं कि हम उन्हें जिम्मेदार ठहराते हैं और हम उन्हें अपने दोस्त की हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराते रहेंगे।'' 'डेमोक्रेसी फॉर द अरब वर्ल्ड नाओ' (डीएडब्ल्यूएन) की स्थापना खशोगी ने ही की थी।

## पाकिस्तान में फिर महंगा हुआ पेट्रोल, 234 रुपये लीटर पहुंचे दाम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीस दिन में तीसरी बार पेट्रोल महंगा हुआ है। अब 24.03 रुपये प्रति लीटर वृद्धि के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल के दाम 234 रुपये प्रति लीटर पार कर गया है। पेट्रोल के बढ़े दाम गुरुवार से लागू हो गए हैं।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने पेट्रोल की कीमतों में 24.03 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की घोषणा की। बीस दिन में तीसरी बार वृद्धि के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल का मूल्य 234 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। मिफ्ताह इस्माइल के मुताबिक 16 जून से डीजल 263.31 रुपये प्रति लीटर बिकेगा। मिट्टी का तेल 211.43 रुपये और हल्के डीजल तेल की कीमत 207.47 रुपये होगी। इन स्थितियों के लिए वित्त मंत्री ने पाकिस्तान की पिछली यानी इमरान खान सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने इमरान खान पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने जानबूझकर सब्सिडी देकर पेट्रोल की कीमतों में कमी की और मौजूदा सरकार उन फैसलों का खामियाजा भुगत रही है।

## आर्थिक मंदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के मंत्री की जनता को सलाह- 'चाय थोड़ी पिया करो'

**इस्लामाबाद।** कंगाली की मार झेल रहे पाकिस्तान के मंत्री ने अपने देशवासियों से चाय की खपत को लेकर अनोखी सलाह दी है। 'द न्यूज इंटरनेशनल' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, संघीय योजना मंत्री अहसान इकबाल ने अपनी जनता को चाय में कटौती करने का आग्रह किया है ताकि देश के घटते विदेशी मुद्रा भंडार को खाने वाले आयात बिल को कम करने में मदद मिल सके। अहसान इकबाल की यह अपील ऐसे समय में आई है, जब यह खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान के लोगों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 83.88 बिलियन रुपये (400 मिलियन अमेरिकी डालर) की चाय का सेवन किया है।

अहसान इकबाल ने कहा कि दुनिया में चाय के सबसे बड़े आयातकों में से एक पाकिस्तान को इसके आयात के लिए पैसे उधार लेने पड़ते हैं। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'मैं देश से चाय




की खपत में 1-2 कप की कटौती करने की अपील करता हूं क्योंकि हम कर्ज पर चाय का आयात करते हैं।' निवर्तमान वित्तीय वर्ष के संघीय बजट दस्तावेज से पता चलता है कि पाकिस्तान ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 13 अरब रुपये (60 मिलियन अमेरिकी डालर) अधिक चाय का आयात किया। न्यूज एजेंसी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में चाय के आयात पर 70.82 अरब रुपये (340 मिलियन अमेरिकी डालर) खर्च किए गए।

इकबाल की चाय की खपत में एक से दो कप की कटौती करने की अपील लोगों को पसंद नहीं आई और उन्होंने ट्विटर पर इसकी आलोचना करनी शुरू कर दी। एक ट्विटर उपयोगकर्ता ने कहा, %क्या अहसान इकबाल ने वास्तव में राष्ट्र को चाय में कटौती करने के लिए कहा था? क्या वे वास्तव में सोचते हैं कि हम इतने मूर्ख हैं। जोहा नाम के एक अन्य यूजर ने एक ट्वीट में कहा, अहसान इकबाल देश से चाय की खपत कम करने का आग्रह कर रहे हैं, लेकिन मैं इसका हिस्सा नहीं बन सकता।

योजना मंत्री ने कहा कि व्यापारी समुदाय को भी ऊर्जा संरक्षण के लिए रात साढ़े आठ बजे तक बाजार बंद करने को कहा गया है। इकबाल ने कहा कि इससे देश को पेट्रोलियम उत्पादों के आयात बिल में कटौती करने में मदद मिलेगी। हाल ही में, वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने चेतावनी दी थी कि अगर कड़े फैसले नहीं लिए गए तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था श्रीलंका के समान स्थिति में हो सकती है।


अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।


## खाद्य संकट झेल रहे अफगानी किसानों को विश्व बैंक से मिले 15 करोड़ डॉलर

**काबुल।** एक ओर तालिबान का शासन, ऊपर से रूस-यूक्रेन युद्ध, अफगानिस्तान के लोग भीषण खाद्यान्न संकट झेल रहे हैं। तालिबान शासन आने के बाद अफगानिस्तान की सहायता रोक चुके विश्व बैंक ने सदाशयता दिखाते हुए अफगानिस्तान के किसानों को 15 करोड़ डॉलर की सहायता राशि मुहैया कराई है। अफगानिस्तान की खाद्य सुरक्षा को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ का खाद्य व कृषि संगठन (एफएओ) खासा गंभीर है। एफएओ के मुताबिक देश में व्यापक मानवीय संकट व्याप्त है। इसलिए किसानों को उनके कृषि उत्पाद बढ़ाने के अलावा




बढ़ती असुरक्षा को कम करने के लिए यह मदद मुहैया कराई गई है। बताया गया कि अफगानिस्तानियों के बीच कई स्तरों पर अत्यधिक खाद्य असुरक्षा को देखते हुए विश्व बैंक ने यह राशि जारी की है। यह राशि कई किश्तों में मिलेगी। विश्व बैंक ने बताया कि पहली किश्त जारी की जा चुकी है। दूसरी किश्त के साथ 4.5 करोड़ डॉलर आगामी 24 माह में जारी होने की उम्मीद है। एफएओ महानिदेशक क्यू डोंग्यु ने उदारता व समय पर की गई मदद के लिए विश्व बैंक व उसके सदस्यों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, अगस्त 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से ही अफगानिस्तान आर्थिक संकट के दौर में है। वहां मानवाधिकारों की स्थिति भी दयनीय है। ऐसे में अफगानिस्तान पुनर्निर्माण ट्रस्ट कोष और विश्व बैंक प्रबंधन समिति तत्काल राहत व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 79.3 करोड़ डॉलर की परियोजना को पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

## रूसी हमले के 16 सप्ताह: अमेरिका से यूक्रेन को मिलेंगे सौ करोड़ डॉलर के हथियार

**कीव।** यूक्रेन पर हमले के सोलह सप्ताह बाद भी रूस का आक्रामक रवैया थमने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी सेना यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में तेजी से आगे बढ़ रही है और यूक्रेन की सेना दक्षिणी हिस्से में फिर से पकड़ मजबूत कर रही है। इस बीच अमेरिका ने यूक्रेन को सौ करोड़ डॉलर की मदद का ऐलान किया है। यह मदद हथियारों की शक्ल में की जाएगी। यूक्रेन पर रूस का हमला लगभग चार माह पूर्व 24 फरवरी को हुआ था। उसके बाद 112 दिन यानी 16 सप्ताह बीत चुके हैं किन्तु रूस का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यूक्रेन को इस लड़ाई में अमेरिका सहित नाटो देशों का भरपूर साथ मिल रहा है। इसके बावजूद बीते दिनों यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की ने यूरोप और नाटो देशों की मदद की रफ्तार को कम करार दिया था।